सुविचार

संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता, उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरुरी है।

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम – निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 | अंकः 355 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, मंगलवार 18 जुलाई, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# कांग्रेस ने डिनर होस्ट किया 26 पार्टियों के नेता पहुंचे

## आज बेंगलुरु में विपक्षी एकता और दिल्ली में NDA की मीटिंग



**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक से पहले कांग्रेस की ओर से विपक्ष के नेताओं को डिनर पर इनवाइट किया है।डिनर बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल में आयोजित किया गया। कांग्रेस पार्टी के मुताबिक, इसमें 26 दल के नेता शामिल हुए हैं। डिनर में शामिल होने के लिए लालू प्रसाद यादव, अरविंद केजरीवाल, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत कई नेता पहुंचे। पार्टी में फूट के बाद शरद पवार कल सीधे बैठक में शामिल होंगे। इधर, भाजपा ने भी 18 जुलाई को शाम 4 बजे दिल्ली के अशोका होटल में NDA की बैठक बुलाई है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इस मीटिंग में 38 दल शामिल हो रहे हैं।

NDA की बैठक पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- मुझे ताज्जुब है कि मोदी जी ने राज्यसभा में कहा था कि मैं सभी विपक्षियों पर अकेला भारी हूं।

अगर वो सभी विपक्षियों पर अकेले भारी हैं तो वो कल NDA की मीटिंग में 30 पार्टियों को क्यों बुला रहे हैं। उन 30 पार्टियों का नाम तो बताएं। वे हमारी मीटिंग से घबरा गए हैं।

इस बैठक से तेलंगाना उट के चंद्रशेखर राव, आंध्र प्रदेश के उट जगन मोहन रेड्डी, आंध्र के पूर्व उट चंद्रबाबू नायडू और ओडिशा के उट नवीन पटनायक ने दूरी बना रखी है।

विपक्ष की कल से शुरू हो रही बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम, राज्यवार गठबंधन, सीट शेयरिंग के अलावा महागठबंधन के नए नाम पर चर्चा हो सकती है।

सभी दलों के साथ कॉर्डिनेशन के लिए एक संयोजक की नियुक्ति पर चर्चा होगी।इसके अलावा कॉमन मिनिमम प्रोग्राम समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए नेताओं का एक ग्रुप बनाने पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, 2004 लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह वढअ की चेयरपर्सन सोनिया गांधी बनी थीं, उसी तरह नए महागठबंधन में भी सर्वसम्मति से ऐसी नियुक्ति हो। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस चाहती है कि विपक्षी दलों में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते उसे ही यह पद सौंपा जाए। सोनिया गांधी के नाम पर किसी भी दल को ऐतराज नहीं होगा, क्योंकि वो प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार नहीं होंगी। हालांकि दावा ये भी किया जा रहा है कि कांग्रेस इस पद को लेकर विवाद की स्थिति में पीछे भी हट सकती है।

23 जून को विपक्ष की पटना में हुई बैठक में कुछ दलों ने नीतीश कुमार को भी संयोजन बनाने की मांग रखी थी। हालांकि इस पर बात आगे नहीं बढ़ी।

मीटिंग से पहले कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, विवेक तन्खा और डीके शिवकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वेणुगोपाल यूनिफॉर्म सिविल कोड और विपक्षी दलों के नेता के सवाल पर पत्रकारों से नाराज हो गए। उन्होंने कहा- मणिपुर में 75 दिनों से हिंसा जारी है। प्रधानमंत्री इस पर चुप हैं। सरकार चाहती है कि विपक्ष भी चुप रहे। राहुल गांधी की संसद सदस्यता अयोग्य ठहराया जाना जैसे बड़े मुद्दे हैं। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इस पर तो आप लोग सवाल नहीं उठाते।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- कुछ नेता आज नहीं आ रहे हैं कल आएंगे और यह बैठक कल सुबह होने वाली है। 11 बजे बैठक शुरू होगी और शाम 4 बजे सभी पार्टियों के नेता देश को संबोधित करेंगे।

---

## जयपुर: SMS मेडिकल कॉलेज में बनेगा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज एंड ऑप्थेलमोलॉजी, CM ने दी मंजूरी



**जयपुर।** राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनहित फैसले ले रही है जहां सरकार की चिरंजीवी योजना को लेकर जनता को लंबे समय से राहत मिल रही है। वहीं अब प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में सीएम गहलोत ने सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज एंड ऑप्थेलमोलॉजी की स्थापना करने को स्वीकृति दी है। वहीं गांधी दर्शन म्यूजियम के संचालन के लिए 49 नए पदों का भी सृजन किया जाएगा।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राजसमंद जिले के कुंठवा (खमनोर) के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्रावास निर्माण की स्वीकृति देते हुए 2.55 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को सहमति प्रदान की है। वहीं 351 ब्लॉक में महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा। सरकार के फैसले के मुताबिक सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज एंड ऑप्थेलमोलॉजी की स्थापना होगी जिसके लिए गहलोत ने संस्थान के भवन निर्माण तथा पार्किंग सुविधा विकसित करने के लिए 293 I79 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

इस प्रस्ताव के अनुसार इस संस्थान के लिए सवाई मानसिंह चिकित्सालय के पास स्थित नर्सिंग हॉस्टल में 3 मंजिला बेसमेंट पार्किंग सहित 9 मंजिला भवन बनाया जाएगा जहां 2023-24 में इस पर 50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

---

## केसावत सहित 4 को एसीबी ने लिया रिमांड पर



**जयपुर।** जयपुर एसीबी ने आज कांग्रेस नेता गोपाल केसावत सहित चारों आरोपियों को जेल से तीन दिन के रिमांड पर लिया हैं। एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि उनके पास कुछ टेक्निकल एविडेंस हैं जिन के आधार पर चारों आरोपियों से पूछताछ करनी हैं। एसीबी तीन दिन के रिमांड पर चारों आरोपियों की चैटिंग,सीडीआर, लोकेशन की जांच रिपोर्ट को उनके सामने रख कर पूछताछ करेगी। क्यों की अब तक की पूछताछ में चारों ने एक दूसरे को पहचानने से भी इनकार कर दिया था। लेकिन एसीबी के हाथ में इन चारों की चैटिंग और अन्य कई टैक्निकल एविडेंस मिले हैं। जिस से सिद्ध हो रहा है कि ये लोग आपस में एक दूसरे को कई समय से जानते थे। एसीबी ने बताया कि चारों आरोपियों के बैंक खाते,लॉकर की जांच करनी अभी शेष हैं। रिमांड के दौरान चारों के बैंक खाते और बैंक लॉकर को भी खंगाला जाएगा।

एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार एसीबी ने चारों आरोपियों के मोबाइल की जांच की। जांच के दौरान एसीबी को चारों के मोबाइल में चैटिंग मिली हैं। इस चैटिंग से साबित हो रहा है कि ये लोग एक दूसरे को कई सालों से जानते हैं। यही नहीं इन की पिछले तीन माह में एक जगह पर कई बार लोकेशन आई हैं। इन लोगों ने प्रारम्भिक पूछताछ में एसीबी को बताया था कि चारों एक दूसरे को नहीं जानते। जब कि रविन्द्र का गोपाल केसावत और अनिल के साथ कई सालों पुरानी दोस्ती हैं। पुलिस तीन दिन के रिमांड के दौरान चारों को क्रॉस एग्जामिल भी करेगी। जिससे ना केवल उनका बोला हुआ झूठ पकड़ा जाएगा अपितु अब तक वह किन-किन लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं इस की जानकारी सामने आ जाएगी।

एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने कल रविवार को शाम 6 बजे पीसी करते हुए कहा था कि चारों आरोपियों के खिलाफ उनके पास कोई सबूत नहीं हैं। इस लिए रिमांड नहीं लिया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया। इसी दौरान एडीजी एसीबी ने आरपीएससी को क्लीन चिट दी थी। कहा था कि इन चारों का आरपीएससी के किसी भी सदस्य के साथ कोई सम्बंध नहीं हैं। लेकिन आज सुबह 11बजे एसीबी के अधिकारी कोर्ट के सामने पहुंचे और कहा कि उन्हें चारों से पूछताछ करनी हैं। उनके पास कुछ साक्ष्य हैं जिसे लेकर पूछताछ करनी हैं जिस पर कोर्ट ने चारों आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर एसीबी को दे दिया।

---

# बीजेपी विधायकों का हंगामा, प्रश्नकाल का बहिष्कार

## राठौड़ बोले- हम घास खोदने नहीं आए; स्पीकर ने कहा- मुझे डिक्टेट नहीं कर सकते

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीच जमकर नोक-झोंक हो गई। बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रश्नकाल का बहिष्कार करके चले गए। बीजेपी विधायकों के बिना ही प्रश्नकाल चला। 12 बजे शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होने के बाद बीजेपी विधायक वापस आए। विवाद की शुरूआत खाद्य विभाग से जुड़े सवाल से हुई। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने खाद्य मंत्री से सवाल किया। इसे स्पीकर ने अप्रासंगिक (इरेलेवेंट) बताकर खारिज कर दिया। इस पर राजेंद्र राठौड़ ने स्पीकर से सवाल किया कि सवाल इरेलेवेंट कैसे हो गया? राठौड़ के सवाल उठाने पर स्पीकर नाराज हो गए। उन्होंने कहा- आप स्पीकर के फैसले पर सवाल नहीं पूछ सकते। स्पीकर की मंशा पर सवाल नहीं उठा सकते। आपका विशेषाधिकार (प्रिविलेज) है तो स्पीकर का भी है। इस पर दोनों के बीच नोक-झोंक शुरू हो गई।







राजेंद्र राठौड़ ने कहा- आपका प्रिविलेज है तो हम घास खोदने नहीं आए हैं। सवाल नहीं पूछेंगे क्या, आप दादागिरी करेंगे? यह क्या बात हो गई। इसके बाद नाराज बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी।

स्पीकर ने कहा- आसन पर आरोप नहीं लगाया जा सकता। मैं आसन पर आरोप नहीं सुनूंगा। मैं बाहर निकाल दूंगा। आपको जाना है तो जाइए। आपके हिसाब से नहीं चलूंगा। मुझे डिक्टेट नहीं कर सकते। आपको अगर असेंबली नहीं चलानी तो मत चलाइए। इसके बाद नाराज बीजेपी विधायकों ने काफी देर तक वेल में नारेबाजी की। फिर प्रश्नकाल का बहिष्कार करके चले गए। प्रश्नकाल के दौरान जल संसाधन मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीय घिरते दिखे। कांग्रेस विधायक हरीश मीणा ने बीसलपुर बांध के कारण विस्थापित गांवों के लोगों की कॉलोनियों में 40 साल बाद भी विकास के काम नहीं होने पर सवाल उठाए।

---

## पूनिया बोले-6 महीने में 848 बच्चियों का हुआ रेप

*10 साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ रेप के मामलें में राजस्थान नम्बर-1*

**जयपुर।** विधानसभा के मौजूदा सत्र में आज बीजेपी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जमकर घेरा। उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने सदन में आकड़ें रखते हुए कहा कि 10 साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में राजस्थान नम्बर-1 पर हैं। पिछले 6 माह में ही 848 बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराधों की फेहरिस्त इतनी लंबी है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो इस बात की पुष्टि करता है कि राजस्थान में 17 बलात्कार और 07 हत्याएं प्रतिदिन हो रही हैं। यह कांग्रेस सरकार की कानून व्यवस्था का आलम है। पूनिया ने कहा कि राजस्थान में पिछले पौने 5 साल में अपराध के आंकड़ों की शुरूआत करें तो 10 लाख, 92 हजार मुकदमे रजिस्टर हुए हैं। यह राजस्थान की धरा पर पहली बार हुआ है। पूनिया ने कहा कि एक शिक्षिका को जमवारामगढ़ में जिंदा जला दिया जाता है। एक वृद्धा के चांदी के कड़े पैर काटकर ले लिए जाते हैं। जोधपुर की घटना पुरानी नहीं है कल 16 जुलाई की घटना है। करौली जिले में युवती के साथ दुष्कर्म किया। गोली मारी गई, एसिड डालकर और उसके बाद उसे टुकड़े-टुकड़े करके डाल दिया गया। इस तरह की घटनाओं में राजस्थान शर्मशार हो रहा हैं।केवल यही नहीं, लेकिन जब सरकार भेदभाव करने लग जाए तो मुझे लगता है कि राजस्थान और हिन्दुस्तान के इतिहास में कांग्रेस की यह सरकार तुष्टिकरण के मामले में भी एक नंबर पर हमेशा लिखी जाएगी।

---

## लॉरेंस के गुर्गे के कैफे पर चला बुलडोजर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय के ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत सोमवार को जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने लॉरेंस के गुर्गे और आदर्श नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर आनंद शांडिल्य के कैफे पर बुलडोजर चलावा दिया। आनंद का यह कैफे विजय पथ आदर्श नगर में 'चाय अड्डा' के नाम से था।

यह कैफे नियम विरुद्ध बनाया गया था। निगम और पुलिस की टीम ने मिल कर यह कार्रवाई की। आदर्श नगर थाने के सीआई सज्जन सिंह कविया ने बताया कि आनंद शांडिल्य उनके थाने का हार्ड कोर क्रिमिनल है। उसके खिलाफ 2004 से लेकर अब तक लगभग 11 मामले दर्ज हैं, जिनमें अवैध हथियार रखने, रंगदारी मांगने, धमकाने सहित धोखाधड़ी के मामले हैं।

पुलिस मुख्यालय ने ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत ऐसे बदमाशों की सूची तैयार की है जिन पर पुलिस अब स्थानीय प्रशासन की मदद लेकर कार्रवाई कर रही है। बदमाश आनंद शांडिल्य का आदर्श नगर स्थित विजय पथ पर एक 'चाय अड्डा' नाम से कैफे चलता था।

---

## रिश्वत की पहली किस्त लेता पटवारी ट्रैप:1 लाख मांगे थे

**जयपुर।** जयपुर एसीबी ने आज 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एक पटवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। रिश्वतखोर पटवारी अधिकार शर्मा के घर और अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीमें सर्च कर रही हैं। आरोपी ने पीड़ित से आवासीय कॉलोनी में दो प्लाट की भूमि से रास्ता नहीं निकालने और इस पर स्टे लेने के लिए समय देने की एवज में 1 लाख रुपए की डिमांड की थी। डिमांड करने के बाद पटवारी ने पीड़ित को इतना परेशान किया कि वह एसीबी मुख्यालय पहुंच गया और अधिकारियों को शिकायत दी। इसके बाद सोमवार को ट्रेप की कार्रवाई की गई।



एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- रोजदा, उप तहसील मुण्डोता, आमेर में कार्यरत पटवारी ने परिवादी से 1 लाख रुपए की डिमांड की जिस पर परिवादी ने पैसा अधिक होने पर काम के लिए मना कर दिया। आरोपी पटवारी ने पैसा देने का दबाव बनाया और पीड़ित को रोज फोन कर प्रताड़ित करने लगा।

पीड़ित ने इस संबंध में एसीबी मुख्यालय पहुंच कर अधिकारियों को जानकारी दी। जिस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी डॉ. रवि के सुपर वीजन में एसीबी जयपुर नगर चतुर्थ इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम सिंह मीणा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया।

---

### जयपुर से प्रकाशित अखबार गरीबों का सितारा का किया विमोचन

## अन्तरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पं. प्रदीप मिश्रा ने 'गरीबों का सितारा' अखबार को सराहा

- कथा वाचक मिश्रा ने अपने श्रीमुख से अखबार शैली की की तारीफ
- अन्तरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने बढ़ाया अखबार का मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/अलवर।** भारतवर्ष सहित विदेशों में प्रसिद्ध अन्तरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने जयपुर से प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र गरीबों का सितारा का सोमवार को अलवर निवास स्थान पर शुभ हाथों से विमोचन किया। अखबार को अपने मस्तिष्क पर लगाकर पूरे भारतवर्ष में नाम कमाने का शुभ आशीर्वाद कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने दिया। इस दौरान अखबार की शैली और डिजाइनिंग की कथावाचक ने काफी सराहना की। कथावाचक मिश्रा ने यह भी कहा कि यह समाचार पत्र बहुत बुलंदियों को छुए और पूरे भारतवर्ष में इसका नाम है मेरी यही कामना है। इस मौके पर अलवर ब्यूरो चीफ रुपेश शर्मा एवं युवराज शर्मा, रिचा भारद्वाज सहित अलवर जिला से अखबार की पूरी टीम मौजूद रही।

---

## सहारा इंडिया में फंसा लोगों का पैसा अब वापस मिलेगा

### गृह मंत्री अमित शाह 18 जुलाई को लॉन्च करेंगे 'सहारा रिफंड पोर्टल'

**नई दिल्ली।** सहारा इंडिया के निवेशकों के पैसे लौटाने के लिए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में 'सहारा रिफंड पोर्टल' लॉन्च करेंगे। मंगलवार सुबह 11:00 बजे अटल ऊर्जा भवन में इस पोर्टल की शुरूआत होगी। पोर्टल के जरिए सहारा के उन निवेशकों के पैसे वापस दिए जाएंगे जिनके निवेश की अवधि यानी समय सीमा पूरी हो चुकी है।पोर्टल पर सहारा इंडिया के इन्वेस्टर्स की डिटेल्स होंगी। यह जानकारी भी होगी कि सहारा में निवेश किए गए पैसों को कैसे वापस पाया जा सकता है। सहारा इंडिया की को-ऑपरेटिव सोसाइटीज के 10 करोड़ निवेशकों के पैसे फंसे हुए हैं। इसमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। पैसे वापस नहीं मिलने पर निवेशकों ने इस मामले में सरकार से हस्तक्षेप करने की अपील की थी।सहारा ग्रुप की सहकारी समितियों के वास्तविक सदस्यों/जमाकताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया था। मार्च में, सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि सहारा ग्रुप की सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकताओं के बकाया के भुगतान के लिए 'सहारा-सेबी रिफंड अकाउंट' से 5,000 करोड़ रुपए सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज में ट्रांसफर किए जाएं।

डिपॉजिटर्स को पैसा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज आर सुभाष रेड्डी की निगरानी लौटाया जाना है।इस मामले में एडवोकेट गौरव अग्रवाल जस्टिस रेड्डी को असिस्ट करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के अगस्त 2012 में सहारा ग्रुप की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशनऔर सहारा हाउसिंग इंडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड को इन्वेस्टर्स का पैसा लौटाने के निर्देश के बाद सहारा-सेबी एस्क्रो अकाउंट खोले गए थे। जिसमें सहारा ग्रुप की ओर से पैसे जमा करवाए गए थे।

---

## यूपी ATS की हिरासत में सीमा हैदर चाचा और भाई पाकिस्तानी सेना में

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी सीमा हैदर और सचिन की लव स्टोरी में जासूसी का एंगल आ गया है। सीमा को सोमवार को एटीएस ने ग्रेटर नोएडा स्थित उसके घर से हिरासत में ले लिया। ATS सीमा के साथ ही उसके चार बच्चों और सचिन को भी अपने साथ ले गई। ATS ने सीमा से नोएडा के सेक्टर-94 स्थित कमांड कंट्रोल रूम में करीब 8 घंटे तक पूछताछ की। IB यानी इंटेलिजेंस ब्यूरो को इनपुट मिला है कि सीमा हैदर के चाचा पाकिस्तानी सेना में सूबेदार हैं। उसका भाई भी पाकिस्तानी आर्मी में है। जबकि इससे पहले सीमा ने अपने भाई को लेकर कहा था कि वह सेना में नहीं है, बल्कि सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा है। अळर इस इनपुट की जांच कर रही है कि यह कितना सच है।

IB से इनपुट मिलने के बाद ATS एक्शन में आ गई। सीमा हैदर के पासपोर्ट को भी जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही, उसकी मोबाइल डिटेल्स की भी दोबारा जांच की जा रही है। उधर, नोएडा पुलिस ने सीमा के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। सचिन के परिवार को किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा है। सचिन के घरवालों ने दरवाजे बंद कर लिए हैं।सीमा हैदर का मामला जब सामने आया था तो उसके पाकिस्तानी एजेंसी क्रक से कनेक्शन की चर्चा हुई थी। हालांकि, बाद में जांच एजेंसियों को इससे जुड़े कोई ठोस सबूत नहीं मिले। इसलिए मामला लव एंगल की तरफ मुड़ गया था। लेकिन अब क्ब के इनपुट के बाद फिर से जासूसी एंगल पर एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सीमा हैदर के नोएडा के रबूपुरा गांव में स्थित घर पर एक दरोगा, 2 महिला और एक पुरुष कॉन्स्टेबल तैनात हैं। दो शिफ्ट में पुलिसकर्मी यहां रहकर उनके परिवार के लोगों के हर मूवमेंट पर नजर रख रहे हैं। किसी भी बाहरी को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही है।एक था टाइगर फिल्म आपने भी देखी होगी। उसमें दो किरदार थे। टाइगर (इंडियन जासूस) और जोया (पाकिस्तानी जासूस)।कुछ इसी तरह की स्टोरी नोएडा से है। यहां टाइगर तो नहीं है, लेकिन सीमा गुलाम हैदर की जोया जैसी कहानी जरूर है। इस कहानी में लव, गेम, धोखा और जासूसी का एंगल भी है। इंडियन एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि कहीं सीमा हैदर का पाकिस्तान खुफिया एजेंसी क्रक से तो कोई कनेक्शन नहीं है?



अपना शहर
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
मंगलवार, 18 जुलाई, 2023


| पूर्वानुमान > | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| 26° अधिकतम > | 30°c | 32°c | 30°c | 33°c |
| न्यूनतम > | 26°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## जनता की मांग...

# आमेर में कांग्रेस के टिकट के दावेदारों में 'गोपाल लाल शर्मा' का नाम सुर्खियों में

### क्षेत्र के हर जाति और बिरादरी के लोग शर्मा पर चुनाव लड़ने का डाल रहे हैं जबरदस्त प्रेशर

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** प्रदेश की आमेर विधानसभा सीट पर जीत हासिल करने के लिए प्रदेश कांग्रेस के रणनीतिकार प्रत्याशी के चयन में फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहे हैं, पार्टी के सूत्रों के मुताबिक इस बार कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार सिर्फ जिताऊ और मजबूत लोकप्रिय नेता को ही टिकट देने के फामूर्ले पर आमादा है, इस बार टिकट वितरण में किसी बड़े नेता की सिफारिश को तवज्जो देने के बजाय इलाके के लोकप्रिय व्यक्ति को ही टिकट देने के फामूर्ले पर टिकट का वितरण किया जाएगा, इसलिए इस बार आमेर विधानसभा क्षेत्र में हर जाति और बिरादरी के लोगों में अच्छी पकड़ और छवि रखने वाले कर्मठ कांग्रेस नेता को ही टिकट देने यह बात कही जा रही है। आमेर क्षेत्र के लोगों से भी गुपचुप में प्रत्याशी चयन के संदर्भ में सलाह मशवरा किया जा रहा है। आमेर के कांग्रेसियों में और स्थानीय नागरिकों में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हलचलें तेज हो गई हैं। आमेर के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण इलाकों में प्रदेश कांग्रेस के सचिव गोपाल लाल शर्मा का नाम भी दावेदारों में प्रमुखता से आजकल छाया हुआ है, हालांकि अभी तक शर्मा ने चुनाव लड़ने के बारे में अपनी कोई प्रतिक्रिया मीडिया को नहीं दी है लेकिन जिस तरह से आमेर के सभी वार्ड के सभी जाति और बिरादरी के लोग शर्मा पर चुनाव लड़ने का जबरदस्त दबाव बना रहे हैं उससे आमेर के राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी है कि स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं के चलते शर्मा पर कांग्रेस पार्टी यहां बड़ा दांव खेल सकती है। गत विधानसभा चुनाव में आमेर से प्रशांत शर्मा कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़े थे लेकिन वे भाजपा प्रत्याशी सतीश पूनिया से हार गए थे हालांकि, उस समय प्रशांत शर्मा को टिकट दिए जाने का निर्णय भी अंतिम समय में लिया गया था।

आमेर के प्रत्याशी चयन के पैनल में और भी कई बड़े नाम थे जिसकी वजह से प्रशांत शर्मा के नाम पर आम सहमति नहीं बन पाई थी लेकिन सचिन पायलट की नजदीकी के चलते प्रशांत शर्मा आखिरकार टिकट लेने में कामयाब हो गए थे लेकिन बाद में वे चुनाव हार गए। इस बार कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी पिछला चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों को दोबारा से टिकट देने के बारे में बिल्कुल भी नहीं सोच रही है, हालांकि प्रशांत शर्मा आमेर से फिर से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं लेकिन इस बार उन्हें दुबारा से टिकट मिलने के ज्यादा चांस नहीं है।





### जनता को मांग भी अब बदलाव का चेहरा और कुशल नेतृत्व पर विश्वास

प्रशांत शर्मा की जगह ब्राह्मण बिरादरी के ही किसी कद्दावर नेता को आमेर से टिकट देने के बारे में कांग्रेस के रणनीतिकार गंभीरता से मंथन भी कर रहे हैं। इस बीच आमेर शहर और ग्रामीण इलाके के लोग प्रदेश कांग्रेस के सचिव गोपाल शर्मा का नाम जोर शोर से टिकट के लिए उछलते हुए आसानी से दिख रहे हैं, बताया गया है कि गोपाल लाल शर्मा के आवास पर सुबह से लेकर रात तक क्षेत्र के लोगों का आना जाना लगा रहता है। हर जाति और बिरादरी के लोग उनसे लगातार मिलने आ रहे हैं और उन्हें आमेर से चुनाव लड़ने की रिक्वेस्ट भी करते हुए दिख रहे हैं। अब देखना यह है कि शर्मा क्षेत्र के लोगों की रिक्वेस्ट को स्वीकार करने को लेकर कितना गंभीर है, हालांकि गोपाल लाल शर्मा की गिनती कांग्रेस पार्टी के कर्मठ और समर्पित ऊजार्वान नेता के रूप में होती है।



### कांग्रेस में भी पकड़ मजबूत बनाये हुए नेता है गोपाल लाल शर्मा

अब तक पार्टी ने जो भी जिम्मेवारी शर्मा को दी उस जिम्मेवारी को शर्मा ने पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाया है। इसी का परिणाम है कि हर जाति और बिरादरी के लोग शर्मा के व्यवहार और उनकी कार्यशैली से काफी प्रसन्न हैं, स्थानीय लोगों का कहना है कि गोपाल लाल शर्मा बहुत ही सरल और सहज स्वभाव के हैं और चाहे सुख हो या दुख हमेशा लोगों के साथ रहते हैं सामाजिक सरोकारों के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है, जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर इस शख्स ने कोरोना काल में भी लोगों की अच्छी सेवा की और जरूरतमंद लोगों को हर तरह से मदद दिलवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई चाहे सरकारी स्तर पर कोई मदद दिलाने की बात हो या फिर सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से या फिर एनजीओ से हर तरह से लोगों की समस्याओं को सुलझाने में और लोगों की मदद करने में शर्मा ने खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया है यही वजह है कि लोग अब उन पर चुनाव लड़ने का जबरदस्त दबाव बनाए हुए हैं।

## नारायणपुर में 1.75 लाख के निकाले लक्की ड्रा, मांदरी की उषा ने जीती स्कूटी





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नारायणपुर,(बिन्टू कुमार)।** कस्बे के पुरुषोत्तम मार्केट में स्थित बालाजी मोबाइल पॉइंट एंड इलेक्ट्रोनिक्स द्वारा सोमवार को लक्की ड्रा निकाला गया। जिसमें ग्राम पंचायत कोलाहेडा के गाँव मांदरी निवासी उषा देवी ने प्रथम पुरस्कार के रूप में करीब 75 हजार रुपए कीमत की स्कूटी जीती। दुकानदार पवन शर्मा ने बताया कि जिन ग्राहकों ने दुकान से फाइनेंस पर 10 हजार रुपए से अधिक का सामान खरीदा था, उन लोगों का लक्की ड्रा सोमवार को पुरुषोत्तमदास आश्रम मीटिंग हाल में निकाला गया। जिसमे करीब 400 उपभोक्ताओं की पर्ची डाली गई जिसमें से 7 बड़ी ईनामों के लिए लकी ड्रा निकाला गया। लक्की ड्रा की पर्ची महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज द्वारा निकाली गई। लक्की ड्रा का प्रथम पुरस्कार स्कूटी उषा देवी पत्नी सुभाष मीणा के नाम निकली । दूसरे पुरस्कार में अजबपुरा निवासी रोशन लाल के 32 इंच की एलईडी, तीसरे पुरस्कार में विक्रम गुर्जर के फ्रिज, चोथे पुरस्कार में रामावतार गुर्जर के वाशिंग मशीन, पाँचवा पुरस्कार में मधु देवी के मिक्सी ,छठे पुरस्कार में सुभाष सैन के छत पंखा, सातवां पुरस्कार दातार सिंह के स्मार्ट वाच निकली। लक्की ड्रा में निकाली गई इनामों की पुरस्कार राशी 1.75 लाख की बताई जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक शॉप द्वारा निकाले गए लक्की ड्रा की दिनभर कस्बे में चर्चा रही। इस मौके पर बिंदु शर्मा, अनिल शर्मा, अंकित शर्मा, मनोज सिंह, सुभाष रावत, विकास यादव, कमलेश जांगिड, खुशीराम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नहीं बन रहीं बात...

# जलदाय विभाग में नई भर्ती और पदोन्नति की मांग ने पकड़ा जोर

### दी चेतावनी : 19 को जलदायकर्मी करेंगे जयपुर में हल्ला बोल

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती करने और पदोन्नति की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। कर्मचारी आंदोलन को मजबूर हैं लेकिन उनकी मांगों को नहीं सुना जा रहा है। ऐसे में राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के बैनर तले जयपुर में प्रदेश स्तरीय आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता राकेश लुहाड़िया को ज्ञापन भी सौंपा गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि जलदाय विभाग में वर्ष 1992 के बाद से ही तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती नहीं की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा पेयजल योजनाएं काफी स्वीकृत की गई है लेकिन तकनिकी कर्मचारियो की भर्ती 31 वर्ष के बाद भी नहीं की गई है। विभाग में आज 30000 तकनिकी कर्मचारियों की सख्त आवश्यकता है। वर्ष 2013 में 1309 पदो पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी की गई थी लेकिन अब तक भर्ती नहीं की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा में कार्यप्रभारित कर्मचारियो की अन्य कर्मचारियो के समान पदौन्नति की घोषणा के बाद भी अभी तक आदेश जारी नही किये गये है जिससे कर्मचारी जिस पद पर भर्ती हुआ था उसी से सेवानिवृत हो रहे है। विभाग में तकनिकी कर्मचारियो की वर्षो से भर्ती नही हो पाने के कारण लाखो आईटीआई किये हुये बेरोजगार घूम रहे है। ऐसे हमारी मांग है कि जलदाय विभाग में कम से कम 15000 तकनीकी पदों पर तुरन्त भर्ती करवाने व कार्यप्रभारित कर्मचारियो की पदौन्नति आदेश जारी करवाने का श्रम करावें और तकनिकी कर्मचारियो की नई भर्ती में जनता जलयोजना कर्मचारी व तकनीकी कर्मचारियों के परिजनो को प्राथमिकता दिलवाई जावे अन्यथा मजबूर होकर 19 जुलाई को मुख्य अभियन्ता कार्यालय जलभवन जयपुर पर धरना प्रर्दशन किया जायेगा।




### पंचाग

दिनांक:- 18जुलाई 2023 मंगलवार
विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | प्रथम | 26:09:21 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पुष्य | 31:56:42 |
| योग | हर्शण | 09:34:25 |
| करण | किन्स्तुघ्न | 13:03:21 |
| करण | बव | 26:09:21 |
| चन्द्र राशि | कर्क | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:45:05 |
| सूर्यास्त | 19:20:51 | |
| चंद्रोदय | 06:11:56 | |
| चंद्रास्त | 20:08:41 | |
| राहू काल | 15:57 - 17:39 | |
| अभिजित | 12:05 - 12:59 | |
| | **शुभ चोघडिया** | |
| चर | 09:09 - 10:51 | शुभ |
| लाभ | 10:51 - 12:33 | शुभ |
| अमृत | 12:33 - 14:15 | शुभ |
| शुभ | 15:57 - 17:39 | शुभ |



**विशेष जानकारी**
पुरुषोत्तम मास प्रारम्भ:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज, (आर) क्रिकेट टूनार्मेंट की तेयारिया जोरो पर



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**बालोतरा/विकास माली।** बैंगलोर में एसपीएल क्रिकेट की तेयारिया जोरो पर चल रही है,। बैंगलोर के राष्ट्रीय मैदान में समाज की सभी टीम ने अभ्यास करके पसीना बहा रही है। रढछ समिति के सदस्य- मनीष शर्मा, रवि शर्मा, संदीप शर्मा, नितेश शर्मा, भरत शर्मा, कैलाश शर्मा, अक्षय शर्मा, मयूर शर्मा ने बताया की, सितंबर महीने में होने वाली क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए सभी लोग कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के सचिव शैलेश देवेरा ने बताया कि समाज सभी टीमों के लिए तन - मन - धन से सभी खिलाड़ियों के साथ खड़ा है, और टूनार्मेंट को सफलता दिलाने के लिए रात - दिन एक कर रही है, किसी भी खिलाड़ी को किसी चीज की कमी नहीं आने दी जाएगी,। आज ग्राउंड पे समाज कमेटी के सदस्य प्रवीण शर्मा, त्रिभुवन शर्मा (चिंटू), उपस्थित थे। समाज लीग के कुछ खिलाड़ी हेमंत शर्मा, हर्षित शर्मा, संदीप शर्मा, चंद्रप्रकाश भोजक, शुभम शर्मा ने बताया कि सभी खिलाड़ी टूनार्मेंट में, अपनी टीम को जीतने के लिए प्रैक्टिस करके पसीना बहा रहे हैं, ताकि उनकी टीम जीत सके।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी लक्ष्मणगढ़ दौरे पर, भाजपाइयों ने किया स्वागत



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**लक्ष्मणगढ़।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी व अलवर दक्षिण संगठन प्रभारी रौशनलाल सैनी सोमवार को लक्ष्मणगढ़ के दौरे पर रहे। इस दौरान मौजपुर में भाजपा के पूर्व जिलामंत्री प्रदीप जैन के नेतृव में भाजपा का दुपट्टा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। बाद में उन्होंने भाजपा प्रदेश के अब नही सहेगा राजस्थान कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की ओर आगामी 1 अगस्त को जयपुर में प्रस्तावित सचिवालय के घेराव को ज्यादा से ज्यादा सख्या में पहुचने की अपील की। वही इस दौरान उन्होंने पत्रकार वार्ता में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान पूर्व जिला मंत्री प्रदीप जैन, युवा भाजपा नेता सौरभ साहू, कुलदीप घीया, मोहित जैन, विश्राम जाट, पाराशर, महावीर गुर्जर, मांगेलाल सैनी, राजू सैनी, रघुवर सैनी, नीलेश प्रधान, पिंकी सैनी सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।



# पाटन सरपंच सरोज मीना ने सार्वजनिक जगहों पर किया वृक्षारोपण









**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की पाटन सरपंच सरोज मीना ने हरियाली अमावस्या के दिन सोमवार को श्मशान घाट एवं सरकारी स्कूल परिसर सहित अनेक सार्वजनिक जगहो पर पौधारोपण किया। सरपंच सरोज मीना ने स्थानीय ग्रामीण लोगो को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड पौधो से हमे फल , फूल , छाया , वर्षा सहित पेड पौधो से ही हमे प्राण वायु आक्सीजन मिलती है जिस आक्सीजन के लिए कोरोनाकाल में आमजन तरसता और तड़फता हुआ दिखाई दिया था वो ही आक्सीजन गैस पेड पौधो से हमे जीवनपर्यंत निःशुल्क रात दिन मिलती रहती है । साथ ही पेड पौधों से ही हमे अनेक प्रकार की दवाई और जडी बूटियां मिलती है प्रकृति व पर्यावरण का पर्यावरण सन्तुलन वृक्षारोपण करने से बना रहता है । इसलिए हमें जन्म दिवस, सालगिरह अथवा शादी के अवसर पर भी पेड ही लगाने चाहिए और पेड लगाकर हमे उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। जैसे आप सभी अपने छोटे बच्चो की देखभाल और परविश करते है ठीक उसी तरह से हमे पेड पौधो की भी देखभाल करनी चाहिए। इन सभी बातो को ध्यान मे रखकर मेरे द्वारा हर वर्ष पंचायत मे पौधारोपण कराया जाता है लेकिन इनकी देखभाल के लिए आमजन का सहयोग मिलना बहुत ही जरूरी है क्योंकि देखभाल कोई भी अकेला व्यक्ति नही कर सकता है इसके लिए तो सभी का सहयोग मिलना जरूरी है। सरपंच मीना ने बताया कि वृक्षारोपण करना ही धरती का श्रृंगार करना माना जाता है इसलिए हम जैसे हमारे बच्चो का श्रृंगार करते है ठीक वैसे ही हमे धरती माता का श्रृंगार भी ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर करना चाहिए। पौधारोपण के दौरान सरपंच सरोज मीना के साथ राजेंद्र मीना महेन्द्र मीना घमण्डी राम मीना मेम्बर बृजमोहन मीना बलबीर बेसर प्रिंसिपल ओडपुर सहित अनेक गणमान्य महिला पुरुष नागरिक मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी पाटन सरपंच सरोज मीना के द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बस्सी उपखंड कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी ( रामफूल मीणा)।** जेएनवीयू पुराना परिसर में गैंगरेप के आरोपियों को कठोरतम सजा दिलाने एवं डीसीपी अमृता दुहन के बिना तथ्य आरोपियों को एबीवीपी से जोड़ने के वक्तव्य का खंडन करने को लेकर एबीवीपी बस्सी नगर इकाई द्वारा विरोध प्रदर्शन किया एवं महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन उप जिला कलेक्टर को सौंपा गया राजस्थान में दिन-प्रतिदिन बलात्कार और हत्या की घटनाओं में हो रही वृद्धि अत्यंत चिंताजनक है। राजस्थान सरकार अपराध पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है।अभाविप, दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई करते हुए उन्हें कठोरतम दंड देने की मांग को लेकर एवं जोधपुर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय परिसर की? सुरक्षा के लिए उठाई गई मांगों को लगातार अनदेखा किए जाने से हमें ऐसी शर्मनाक घटना का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी अभाविप कड़ी भर्त्सना करती है।अभाविप, बिना जांच पड़ताल किए अभाविप का नाम इस मामले में जोड़कर अभाविप की छवि बिगाड़ने का प्रयास करने पर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की मूलचंद मीणा नगर अध्यक्ष बस्सी, के .के बलेसरा ,पीयूष शर्मा ,आयुष शर्मा ,हनुमान शर्मा , दीपक शर्मा ,युवराज सैनी ,विक्की शर्मा ,त्रिलोक मीणा, सागर मीणा ,ऋषि मीणा ,महेश मीणा इत्यादि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### महेंद्र सिंह बाडलवास की अध्यक्षता में हुई बैठक

## जयपुर ई-रिक्शा चालक यूनियन 'एटक' की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन 'एटक' की बैठक रविवार को सीकर रोड स्थित टोडी में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें संस्था के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में ई-रिक्शा चालक मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह बाडलवास ने की। जयपुर जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन 'एटक' की बैठक में यूनियन की सदस्यता बनाए जाने, श्रम कार्ड कैंप लगवाने और श्रम विभाग से ई रिक्शा के लिए बोर्ड बनाने की मांग सहित ई-रिक्शा चालकों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जयपुर जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन 'एटक' अध्यक्ष सुरेश सिंह खानड़ी, संस्था उपाध्यक्ष पवन जांगिड़, संरक्षक कुनाल रावत, कार्यकारिणी सदस्य शरीफ भाई, कर्मवीर सिंह दिवराला, अजय सिंह श्यामपुरा, धर्मपाल सिंह, देवेश राठौड़, बनवारी चौहान, रवि कुमार योगी, जितेंद्र सिंह, घनश्याम हरमाड़ा, विश्व कुमार गौड़, मोहित सिंह, भीम सिंह, देवेंद्र सिंह, महेंद्र, भरत सिंह, सावरमल, गणेश, दातार सिंह, सीताराम, योगेंद्र कुमार, हेमंत सहित अन्य पदाधिकारी एवं भारी संख्या में ई-रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

## स्पेशल फ्यूल सरचार्ज के नाम पर वसूली जा रही राशि गैर कानूनी

### अतिरिक्त राशि के विरोध में दिया जाएगा सांकेतिक धरना

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल) ।** वर्तमान में राज्य सरकार और डिस्कॉम द्वारा सभी प्रकार के विद्युत बिलों में फ्यूल सरचार्ज और स्पेशल फ्यूल सरचार्ज के नाम से बहुत ही बड़ी राशि वसूली जा रही है, जो कि जनता और उद्योगों के लिए भुगतान कर पाना संभव नहीं है` विभिन्न प्रकार के प्रयासों तथा कानूनी शरण लेने के बाद भी राज्य सरकार और डिस्कॉम की हठधर्मिता के कारण यह वसूली रोक पाना असंभव लग रहा है, अतः इन सब परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लोकतन्त्र के एक प्रभावी माध्यम ह्यआंदोलन एवं धरनाह्न से विरोध करने का ही एकमात्र विकल्प का प्रयोग करना उचित लग रहा है । इसी के तहत एक सांकेतिक धरना आगामी 20 जुलाई गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1 बजे तक चांग गेट, ब्यावर पर दिया जाएगा ।धरने के बाद उपखंड अधिकारी,अधिशासी अभियंता एवीवीएनएल को इन फ्यूल सरचार्ज और स्पेशल फ्यूल सरचार्ज के विरोध में एक ज्ञापन भी दिया जाएगा इस सांकेतिक धरने के संयोजक पवन रायपुरिया ने बताया कि चूंकि यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति अथवा संस्था का ना होकर सम्पूर्ण औद्योगिक एवं व्यापार जगत का है, इसलिए ब्यावर नगर के छोटे-बड़े सभी औद्योगिक संगठन परस्पर सहयोग करते हुए इस सांकेतिक धरना और ज्ञापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे हैं । नगर के सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए ह्यउद्योग व्यापार संगठन विद्युत उपभोक्ता संघर्ष समितिह्न के बैनर तले इस कार्यक्रम का संचालन होने जा रहा है साथ ही यह भी कहा है कि इस तरह की समिति का निर्माण पूरे प्रदेश में किया गया है` और इस धमक की गूंज चिर निंद्रा में सो रही प्रदेश सरकार के कानों तक पहुंचे इसलिए पूरे राजस्थान प्रदेश में 50 से अधिक स्थानों पर एक साथ एक ही समय इस तरह का धरना कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है

अन्य संयोजक जय आनन्दानी ने बताया कि इस धरना कार्यक्रम में द वुल मर्चेन्ट एसोसिएशन से बाबू लाल नाबेड़ा, विजय झंवर ; इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से डॉ सी.पी. सिंघल, डॉ रवि छाबड़ा ; चेम्बर ऑफ कॉमर्स से रमेश जी बंसल ; ब्यावर व्यापार संघ से संजय घीया ; भारत विकास परिषद मुख्य शाखा से संजय गर्ग ; भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा से प्रवीण जैन ; लघु उद्योग संघ से सुनील डांगी, कपिल कोठारी ; लघु उद्योग भारती से सचिन नाहर और विजय मेहता ; चांग गेट व्यापार एसोसिएशन से महेंद्र जैन ; पावरलूम एसोसिएशन से संदीप सिंघल, रमेश भराडिया के माध्यम से इन सभी संगठनों का सामूहिक सहयोग मिलने वाला है` आगामी 2 दिनों में शेष अन्य संगठनों से भी वार्ता करके उन्हें भी इसमें सम्मिलित कर जोड़ने का प्रयत्न प्रयास किया जाने वाला है संघर्ष समिति सभी नगरवासी, विशेष रूप से व्यवसायी वर्ग से भी अपील की गई है की अधिक संख्या में चांग गेट पहुंचकर इस सांकेतिक धरने में सम्मिलित होकर वसूले जा रहे इस सरचार्ज के विरोध में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करवाये।

### लायंस क्लब अलवर मत्स्य की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# 'जिन्दगी बड़ी सरल है, जीना बहुत आसन है,जिन्दगी बहुत सरल है पर सरल रहना बहुत कठिन है': डॉ. रूप सिंह

### लायंस क्लब अलवर मत्स्य की 19 वीं नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रहा शानदार

### लायन संदीप अग्रवाल अध्यक्ष , लायन विनोद अग्रवाल सचिव, CA लायन विपिन जैन कोषाध्यक्ष







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा / अलवर ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 के रीजन 10, जोन 1, के क्लब संख्या 95645 - लायंस क्लब अलवर मत्स्य की नवकार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह 17 जुलाई 2023 , रविवार को होटल जय कृष्णा क्लब बैंक्विट हॉल एंड रेस्टोरेन्ट , अलवर में आयोजित किया गया( कार्यक्रम संयोजक लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी नर्सिंग होम भिवाड़ी के निदेशक एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के सचिव डॉ. रूप सिंह , इंस्टालेशन ऑफिसर पीडीजी, एमजेएफ लायन शशि गोयल , मुख्य वक्ता डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 के पास्ट पास्ट जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ. एस. सी. मित्तल , इंडक्शन ऑफिसर एमजेएफ लायन एम.पी.जैन ( पास्ट डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ गणेश जी की मूर्ति, चार्टर, मल्विन जोहन्स की तस्वीर को माला पहनाकर एवं दीप जलाकर किया गया तद्‌पश्चात अतिथियों को मंचासीन करके बेबी भव्या द्वारा सभी को कुमकुम तिलक लगाया गया एवं अध्यक्ष एमजेएफ लायन सी.पी.गुप्ता, सचिव लायन म्रदुल खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष लायन उमेश अग्रवाल सहित सभी क्लब सदस्यों द्वारा अतिथियों एवं अन्य क्लब से पधारे सदस्यों का फूल मालाओं , लहरिये के दुपट्टे एवं श्रीफल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा क्लब प्रेसिडेंट लायन सी.पी.गुप्ता द्वारा विधिवत मीटिंग की शुरूआत की गई । ध्वज वन्दना तथा विश्व शांति प्रार्थना लायन डॉ.मंजू अग्रवाल द्वारा पढ़ी गयी तथा सभी ने 1 मिनट के लिए विश्व शांति हेतु मौन धारण भी किया । राष्ट्र गान के तुरन्त पश्चात स्वागत भाषण में क्लब प्रेसिडेंट लायन सी.पी. गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही क्लब सदस्यों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया खास तौर पर मुख्य अतिथि डॉ. रूप सिंह जी के बारे में विस्तार से सदन को जानकारी प्रदान करी। क्लब सचिव लायन म्रदुल खण्डेलवाल ने सदन के समक्ष गत वर्ष की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया ।

तद्‌पश्चात वर्ष 2022 झ 23 के अध्यक्ष एमजेएफ लायन सी.पी.गुप्ता ने अपनी पत्नी लायन मीरा गुप्ता के साथ अपने सभी क्लब के साथियों का आभार व्यक्त करते हुए हर क्लब सदस्य को टोकन ऑफ रेगार्ड्स के रूप में एक गिफ्ट देकर धन्यवाद ज्ञापित किया । इस मौके पर उन्होंने लायन शशि गोयल, लायन अलका मित्तल, लायन संध्या अग्रवाल, लायन गिरीश गुप्ता, लायन विनोद अग्रवाल, लायन म्रदुल खंडेलवाल, लायन सत्य नारायण अग्रवाल, लायन राम बाबु गुप्ता इत्यादि को विशेष सहयोग हेतु पुरुस्कृत किया । इंस्टालेशन ऑफिसर पीडीजी, एमजेएफ, लायन शशि गोयल ने वर्ष 2023-24 के अध्यक्ष लायन संदीप अग्रवाल, सचिव लायन विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए लायन विपिन जैन सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करायी सभी क्लब सदस्यों ने माल, फूल बूके, दुपट्टे द्वारा नयी कार्यकारिणी का स्वागत किया और सभी ने हर्ष जाहिर किया । लायन शशि गोयल ने अपने उद्बोधन में बताया कि लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा हर वर्ष बेहतरीन सेवा कार्य होते आये है तथा नयी टीम भी क्लब को ओर उचाइयो तक ले जाएगा यही मेरी मंगल शुभकामनाये है ।तद्‌पश्चात नये अध्यक्ष लायन संदीप अग्रवाल ने वर्ष 2023 झ24 की अपनी कार्य योजनाओ से सदन को अवगत कराया जिसमे वर्ष भर तक हर माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करी। मुख्य वक्ता के रूप में एमजेएफ लायन डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि डॉ. रूप सिंह जी और उनका साथ बहुत पुराना है और डॉ. रूप सिंह जी के चेहरे पर खुशी, उल्लास, तेज का साथ जन्मोजन्मांतर का है और यही कारण है कि इंसान खुश रहे, मस्त रहे तो आसानी से हर उच्चाइयो को प्राप्त कर सकता है । साथ ही एक जुट होकर सक्रिय भागीदारी से क्लब में कार्य करने की प्रेरणा दी साथ ही कहा कि लायन के सिद्धातो पर प्रकाश डालकर सेवा कार्य करने पर जोर दिया तथा हर वक़्त मानव सेवा को तत्पर लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सभी सदस्यों को बधाई प्रेषित करी। इंडक्शन ऑफिसर के रूप में पधारे टखत्र्र लायन एम. पी. जैन साहब ने भी अपने उद्बोधन में सभी क्लब सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा सेवा कार्य हर वर्ष बेहतरीन होते है लेकिन क्लब को अब स्थाई प्रोजेक्ट पर काम करना होगा ।तद्‌पश्चात क्लब के 12 नये सदस्यों को शपथ दिलाकर क्लब में सदस्य बनने की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि अब आप पर सामजिक दायित्व और बढ़ गया है क्लब के साथ जुड़कर अब आपको मानव सेवा में भी तत्पर रहना होगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रूप सिंह जी अपने उद्बोधन में नयी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कहा कि जिन्दगी बड़ी सरल है झ जीना बहुत आसन है , जिन्दगी बहुत सरल है पर सरल रहना बहुत कठिन है ! जीवन शैली द्वारा आप अपने जीवन को कैसे बदल सक्लते है कैसे आमजन में अपनी अमिट पहचान बना सकते है ।सबको जीवन में तीन चीजे चाहिए झ अच्छा परिवार , थोडा सा धन और मान सम्मान उसके बाद भी कुछ चाहिए वो है आत्म शांति ओर ये तभी आती है जब ये तीनो चीजे मिल जाए और सभी जिम्मेदारियाँ खत्म हो जाए फिर मानव सेवा और पशु-पक्षी सेवा को अपनाने के बाद ही शांति की प्राप्ति होती है ! हर व्यक्ति को मानव सेवा के साथ साथ पशु झ पक्षी सेवा पर भी जोर दिया साथ ही उन्होंने स्वेच्छिक रक्तदान की मुहीम को एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में चलाने के लिए लायन गिरीश गुप्ता को अपनी बधाई दी तथा हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान हेतु प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के अंत में गत वर्ष के प्रेसिडेंट लायन संदीप अग्रवाल जी ने सभी अतिथियों के साथ गत वर्ष के अध्यक्ष लायन सी.पी.गुप्ता, सचिव लायन मृदुल खण्डेलवाल तथा कोषाध्यक्ष लायन उमेश अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह देकर उनकी सेवाओ हेतु सम्मानित किया ! साथ ही क्लब द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर आज के कार्यक्रम में पधारने हेतु धन्यवाद दिया । मास्टर ऑफ सेरेमनी एवं कार्यक्रम संयोजक लायन गिरीश गुप्ता ( पास्ट प्रेसिडेंट वर्ष 2020 झ 22 ) को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । धन्यवाद उद्बोधन कार्यक्रम संयोजक लायन गिरीश गुप्ता ने दिया ! कार्यक्रम के समापन की घोषणा नए अध्यक्ष लायन संदीप अग्रवाल जी द्वारा विधिवत की गयी कार्यक्रम रात्री भोजन के साथ सम्पन्न हुआ ।

*युवक ने फंदा लगाकर किया सुसाइड*

## शराब के नशे में खुद को कमरे में कर लिया था बंद, मजदूरी कर करता था गुजारा

**धौलपुर।** मनिया थाना क्षेत्र के खेरली गांव में शराब के नशे में धुत युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक के आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर द्वारा युवक को मृत घोषित करने के बाद शव को अस्पताल की मॉच्युरी में रखवा दिया गया। पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक युवक धर्मेंद्र ( 25 ) पुत्र शंकरलाल जाटव दिहाड़ी मजदूर था, जो प्रतिदिन मजदूरी करके शाम को घर वापस लौट आता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को युवक घर से मजदूरी करने के लिए निकला था, लेकिन दोपहर बाद वह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद युवक ने खुद को अपने कमरे में बंद कर लिया। करीब 1 घंटे बाद तक युवक के कमरे से बाहर ना आने पर उसकी मां को चिंता हुई। जिसके बाद उसकी मां ने कमरे में झांक कर देखा तो उन्हें युवक पंखे से फंदे से लटका हुआ मिला।

इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉच्युरी में रखवा दिया गया है। थाने के एसआई सुरेश चंद्र ने बताया कि युवक के आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## राजसमंद सांसद दिया कुमारी पहुंची ब्यावर

### हिमाचल त्रासदी के परिजनों को दी सांत्वना, चार की हुई शिनाख्त, तीन अभी भी लापता

सितारा न्यूज नेटवर्क





**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** घुमने गए ब्यावर के सात युवक कुल्लु मनाली में प्राकृतिक आपदा के शिकार हो गये। चार युवकों के शवों की शिनाख्त हो चुकी थी, उसी के चलते उन्हें ब्यावर लाया गया जहां उनका अन्तिम संस्कार किया गया। इनमें से एक चैत्य सांखला का अन्तिम संस्कार शनिवार को ही कर दिया गया था। उक्त घटना में लापता तीन युवक नितेश पण्डित, संदीप सांगेला व अक्षय कुमावत का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। इस मामले को लेकर कुल्लु मनाली के अधिकारी लापता युवकों की खोज में लगे हैं। उधर राजसमन्द सांसद द दिया कुमारी ने उक्त घटना में मृतकों के परिजनों के घर व लापता युवकों के घर जाकर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं अक्षय कुमावत के पिता राजमल कुमावत ने राजसमन्द सांसद दियाकुमारी व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा इत्यादि को शिकायत कर बताया कि हिमाचल सरकार गलत तथ्य देकर लापता युवकों के परिवारों के साथ मजाक कर रही हैं। इस पर सांसद दिया कुमारी ने हिमाचल सरकार व प्रदेश सरकार को लिखकर इस दर्दनांक हादसे के शिकार हुए परिवारों के सही पेश और व सही इतला देने का आश्वासन दिलाया। सांसद दिया कुमारी के साथ कई भाजपा नेता व रावत सेना के महेन्द्रसिंह रावत और अजमेर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा भी मौजूद थे ।

### यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर द्वारा...

# कम्प्यूटेशनल एप्लाइड साइंसेज एंड इट्सएप्लीकेशन्स पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**विभिन्न देशों के 175 से अधिक प्रतिभागियों को किया गया था पंजीकृत**

**विभिन्न विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संकायों एवं विभिन्न उद्योगों के शोधकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल**





**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर ) ।** "कम्प्यूटेशनल एप्लाइड साइंसेज एंड इट्सएप्लीकेशन्स ( आईसीसीएएसए 2023 ) पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन युनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर द्वारा 13 व 14 जुलाई को आयोजित किया गया ।

उक्त सम्मेलन के लिए विभिन्न देशों के 175 से अधिक प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया था । सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयो, अनुसंधान संकायों और विभिन्न उद्योगों के शोधकर्ता शामिल हुए । कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रो. डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती चांसलर, यूईएम जयपुर, प्रो. डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती प्रो-वाइस चांसलर, यूईएम जयपुर, प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी वाइस-चांसलर, यूईएम जयपुर, प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर, प्रो. डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी डीन, यूईएम जयपुर, डॉ. अनामिका खस्केल रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं प्रो. राहुल शर्मा गणित विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया ।

यूईएम द्वारा आयोजित हुए दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पृष्ठभूमि के चौदह मुख्य वक्ताओं द्वारा गणना और अनुप्रयुक्त विज्ञान के मुख्य क्षेत्रों पर अपने व्याख्यान दिये गये । जिनमें प्रोफेसर डॉ. डेविड डुडोव्स्की डायनेमिक्स विभाग, लॉड्ज प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लॉड्ज, पोलैंड, प्रोफेसर सैंटियागो गोमेज-रुइज रे जुआन कार्लोस विश्वविद्यालय, स्पेन, डॉ. अनिमासौन इस्साक एल. गणितीय विज्ञान विभाग, संघीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अकुरे, नाइजीरिया, प्रो. ओ.डी. माकिंडे सैन्य विज्ञान संकाय, स्टेलनबोश विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका, प्रो. राम रामास्वामी वेंकटरमण रसायन विज्ञान विभाग, आईआईटी दिल्ली, प्रो. संजीव के. तोमर ( सांख्यिकी विभाग, आईआईटी-बीएचयू, प्रोफेसर मनीष श्रीमाली भौतिकी विभाग, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, डॉ वेदवती जी पुराणिक सीएसआईआर-नेशनल केमिकल लैब पुणे, प्रो. गणेश बागलर इन्फोसिस सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी विभाग, आईआईआईटी-दिल्ली, नई दिल्ली, डॉ. रजत सुभ्रा मंडल भारतीय मानक ब्यूरो, एल्कोमा, आईएसएलई, सप्तर्षि बसु टाइगर एग्रो प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. विद्योत्तमा जैन डेटा साइंस एवं एनालिटिक्स विभाग, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, डॉ. कुशल शर्मा गणित विभाग, एमएनआईटी, जयपुर, डॉ. नरेश कुमार कंप्यूटर विज्ञान अनुभाग, ओमान सल्तनत, डॉ. वैभव वार्ष्णेय भौतिकी विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. युद्धवीर सिंह सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, एमिटी विश्वविद्यालय, राजस्थान, डॉ प्रफुल्ल छाबरा यूईएम जयपुर एवं डॉ. तरुण शर्मा यूईएम जयपुर शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के विभिन्न क्षेत्रों और उनके अनुप्रयोगों के लगभग 135 शोध पत्र प्रस्तुत किये गये ।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह 14 जुलाई को शाम 4:45 बजे आयोजित किया गया । जिसमें आईसीसीएएसए 2023 में सभी गतिविधियों की सारांशित रिपोर्ट संयोजक प्रो. पल्लवी मलिक और डॉ. प्रियंका छपरवाल द्वारा प्रस्तुत की गई । सम्मेलन में प्रस्तुत पूर्ण शोधपत्र कंटेम्पररी मैथमेटिक्स स्कोपस इंडेक्स जर्नल, यूरोपियन केमिकल बुलेटिन स्कोपस इंडेक्स जर्नल और यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल में प्रकाशन के लिए भेजे जाएंगे। सत्र का समापन प्रोफेसर पल्लवी मलिक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुआ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# विपक्षी दलों व भाजपा की रणनीति पर नजरें टिकीं

मिशन 2024 के लिए विपक्ष और सत्ता पक्ष ने बिसात बिछानी शुरू कर दी है। भाजपा के खिलाफ जहां विपक्ष गोलबंद हो रहा है, वहीं भाजपा अपने सहयोगियों का विस्तार कर रही है। पटना के बाद बेंगलुरु में 26 विपक्षी दलों की दो दिवसीय बैठक भाजपा के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए हो रही है। इस बैठक को देखते हुए भाजपा भी करीब 38 पार्टियों के साथ राजग की बैठक कर रही है। करीब तीन दशक से देश में गठबंधन की राजनीति अपरिहार्य हो गई है। इसलिए भाजपा व कांग्रेस अपनी गठबंधन ताकत को बढ़ाने पर जोर दे रही हैं। देश की वर्तमान राजनीति में भाजपा जिस तरह मजबूत है, उसके सामने विपक्षी दलों को लग रहा है कि अकेले वे भाजपा का सामना नहीं कर सकते हैं, लेकिन एकजुट होकर वे भाजपा को परास्त कर सकते हैं। विपक्ष की इस सोच के पीछे पिछले दो लोकसभा चुनाव नतीजे का गणित है। वर्ष 2014 में भाजपा नीत राजग को केवल 38.5 फीसदी मत मिले थे, जबकि विपक्षी दलों को 61.5 फीसदी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा+ को 45 फीसदी मत मिले, जबकि विपक्षी दलों को 55 फीसदी। इस गणित को देखते हुए विपक्षी दलों को लगता है कि वर्ष 2024 में अगर वह एकजुट होकर लड़े तो भाजपा के सामाने मुश्किल खड़ी कर सकते हैं। लेकिन विपक्षी दलों के इस सपाट गणित में कई पेंच हैं। पहली बात तो वह भाजपा को तभी टक्कर दे पाएगा, जब हर राजग के प्रत्याशी के सामने विपक्ष का केवल एक उम्मीदवार होगा। ऐसा होना व्यवहार में संभव नहीं लगता। साथ ही 224 से अधिक ऐसे सीट हैं, जहां भाजपा का मत प्रतिशत 50 फीसदी से अधिक है। दूसरी अहम बात है कि पीएम नरेंद्र मोदी की तरह विपक्ष के सामने राजनीतिक रूप से स्वीकार्य कोई चेहरा नहीं है। विपक्ष अभी तक अपना कार्यक्रम पेश नहीं कर सका है। बिहार में नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों की बैठक की अगुवाई की थी, बेंगलुरु में कांग्रेस बैठक को लीड कर रही है। नीतीश की कोशिश है कि कांग्रेस की छतरी के नीचे यूपीए का कुनबा आकार ले, लेकिन अनेक विपक्षी दल हैं जिनका मुकाबला कांग्रेस से है और उन्हें कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार भी नहीं है। विपक्ष में अनेक दल कांग्रेस व कांग्रेस नेताओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। विपक्षी दल नेतृत्व और एजेंडा के मोर्चे पर सिफर है तो सोशल इंजीनियरिंग के मामले में भी भाजपा से बहुत पीछे है। विपक्ष दलों के जमघट से यह संदेश जा रहा है कि केवल कांग्रेस व सोनिया परिवार इसे यूपीए में जान फूंकने के अवसर के रूप में ले रहे हैं। पार्टी के तौर पर कांग्रेस खुद कई आंतरिक द्वंद्व से गुजर रही है। कांग्रेस की कमान मल्लिकार्जुन खरगे के हाथ में होने के बावजूद सोनिया परिवार पार्टी के सर्वेसर्वा हैं, ऐसे में दूसरे विपक्षी दलों में कांग्रेस पर विश्वास जगना कठिन है। तीसरी अहम बात है कि विपक्षी दलों की बैठक में जितने भी दल शामिल हैं, उनमें एक दो को छोड़ कर बाकी के मुखिया परिवार के नेता हैं। ऐसे में यह संदेश जा रहा है कि विपक्षी दल केवल अपने परिवार के राजनीतिक अस्तित्व बचाने के एकत्र हुए हैं। भाजपा यह संदेश सफलतापूर्वक दे रही है कि परिवारवाद बचाने के लिए विपक्षी सभी दल जमा हो रहे हैं। इसलिए भाजपा के खिलाफ विपक्ष की राह आसान नहीं है। आगे मिशन 2024 के लिए विपक्षी दलों की रूपरेखा क्या होगी, वे दल नेता व एजेंडे पर कैसे आगे बढ़ेंगे आदि के लिए बेंगलुरु पर नजर रहेगी। जवाब में भाजपा की रणनीति क्या होगी, इस पर भी सबकी नजरें टिकी होंगी।



# बहुध्रुवीय विश्व का अर्थशास्त्र

कूटनीति

डॉ. अश्वनी महाजन

> आज रूस और ईरान अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के शिकार हैं। एससीओ के सदस्यों भारत और चीन ने न केवल रूस और ईरान से तेल खरीदना जारी रखा है, बल्कि इसे कई गुना बढ़ा दिया है। भारत ने अमेरिका के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंध जारी रखते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा भारत के स्वतंत्र दृष्टिकोण का संकेत है। दूसरी ओर, रूस-चीन आर्थिक और रणनीतिक मामलों में अपने सहयोग को गहरा कर रहे हैं। रूस के साथ भारत की सदाबहार दोस्ती दोनों के लिए वरदान साबित हो रही है। बहुध्रुवीय विश्व में भारत संतुलित नीति अपना रहा है।

अभी हाल में ही शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक हुई है। सितंबर में जी-20 का शिखर सम्मेलन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल में अमेरिका, मिस्र, फ्रांस व यूएई की यात्रा करके लौटे हैं। अमेरिका चीन के साथ अपना तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है। रूस व भारत अपने रिश्ते को लेकर सचेत है। चीन भारत के साथ भी तनाव कम करने के लिए प्रयासरत दिख रहा है। यह सबकुछ बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत की कूटनीतिक व सामरिक संतुलन का परिदृश्य है। एससीओ से समझने की कोशिश करते हैं। शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों का एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन 4 जुलाई, 2023 को आयोजित किया गया था। इस वर्ष इस संगठन की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत के हाथों में है। यह पहली बार है कि संगठन के जन्म (2001) के बाद और विशेष रूप से 2016 में एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भारत के शामिल होने के बाद, भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। मूल रूप से इस संगठन की स्थापना यूरोप और एशिया (जिसे यूरेशिया भी कहा जाता है) के देशों के बीच आर्थिक और रक्षा सहयोग के लिए की गई थी।

नई दिल्ली में प्रस्तावित इस बैठक को अचानक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बदल दिया गया। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यह भारत के लिए अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को प्रदर्शित करने का एक अच्छा अवसर था, और दो दिवसीय भौतिक शिखर सम्मेलन इस काम को भलीभाँति किया जा सकता था। हालाँकि इस तर्क में दम है लेकिन घटनाक्रम से पता चलता है कि इस बैठक के तरीके में बदलाव का शिखर सम्मेलन के नतीजों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य राज्याध्यक्षों ने बैठक में भाग लिया। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की औपचारिक स्थापना वर्ष 2001 में 6 देशों चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान द्वारा की गई थी। वर्ष 2016 में भारत और पाकिस्तान को एससीओ के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। इस वर्ष ईरान को भी एससीओ की सदस्यता प्रदान की गई है। चाबहार बंदरगाह के कारण भारत की ईरान में विशेष रुचि है। 2016 से, ईरान और अफगानिस्तान के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते के हिस्से के रूप में, भारत ने चाबहार बंदरगाह और इससे जुड़ी रेलवे लाइन के विकास के लिए एक बड़ा निवेश प्रतिबद्ध किया है। भारत ने बंदरगाह के विकास में 85 मिलियन डॉलर का निवेश किया है, और चाबहार विशेष आर्थिक क्षेत्र में 8 बिलियन डॉलर का और निवेश करने का वादा किया है। रूस की भी इस बंदरगाह और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास में विशेष रुचि है, क्योंकि चाबहार बंदरगाह होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर स्थित है, यह रूस को मध्य पूर्व से माल भेजने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। एससीओ में ईरान के प्रवेश से रूस व भारत के सहयोग से इस परियोजना को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

फरवरी 2022 में, एससीओ के सदस्य देश आपसी



व्यापार में अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग बढ़ाने पर सहमत हुए थे। तब से, 19 देशों के साथ वोस्ट्रो खाते खोले गए हैं और व्यापार का निपटान रुपये में होना शुरू हो चुका है; और यह सबसे पहले रूस के साथ हुआ। एससीओ द्वारा इसे आगे बढ़ाने के साथ इसे डी-डॉलरीकरण की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।

शिखर सम्मेलन के अंत में, हालांकि नई दिल्ली घोषणा नामक एक घोषणा की गई थी, जो व्यापक सहमति को रेखांकित करती है, लेकिन दो प्रमुख मुद्दों, यानि 'बेल्ट रोड पहल' (बीआरआई) और 'विकास रणनीति 2030' पर मतभेदों को इंगित करते हुए इस घोषणा पत्र को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। यह समझना महत्वपूर्ण है कि भारत संप्रभुता के मुद्दे पर बीआरआई का विरोध करता रहा है। गौरतलब है कि चीन, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) बना रहा है और भारत लगातार इसका विरोध करता रहा है। भारत के मुताबिक, बीआरआई कई विकासशील देशों के लिए कर्ज का जाल साबित हो रहा है और बीआरआई ने पाकिस्तान, श्रीलंका समेत कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं को खतरे में डाल दिया है। एक और मुद्दा, जिस पर भारत सहमत नहीं था, वह विकास रणनीति 2030 पर दस्तावेज़ था। भारत ने पहले ही वैश्विक विकास पहल के समान, दस्तावेज़ पर चीनी प्रभाव के बारे में चिंताओं को चिह्नित किया था, व दस्तावेज़ की भाषा बनाए रखने पर आपत्ति जताई थी।

आज रूस और ईरान अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के शिकार हैं। एससीओ के सदस्यों भारत और चीन ने न केवल रूस और ईरान से तेल खरीदना जारी रखा है, बल्कि इसे कई गुना बढ़ा दिया है। इससे अमेरिका और पश्चिमी देश परेशान हैं, लेकिन भारत ने अमेरिका के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंध जारी रखते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा भारत के स्वतंत्र दृष्टिकोण का संकेत है। हालाँकि, दूसरी ओर, रूस और चीन आर्थिक और रणनीतिक मामलों में अपने सहयोग को गहरा कर रहे हैं। लेकिन रूस के साथ भारत की सदाबहार दोस्ती भारत और रूस दोनों के लिए वरदान साबित हो रही है। भारत ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के संबंध में भी तटस्थ रहना चुना है।

एक तरफ जहां भारत ने अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है, वहीं सदस्य देशों के बीच घरेलू मुद्राओं में व्यापार के निपटारे की दिशा में एससीओ का कदम अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को प्रभावित कर रहा है, और इस प्रक्रिया में डी-डॉलरीकरण जोर पकड़ रहा है। ईरान के एससीओ में शामिल होने और भारत और रूस के चाबहार बंदरगाह और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) के विकास का समर्थन करने के लिए हाथ मिलाने के कारण नये अवसर निर्माण हो रहे हैं। आईएनएसटीसी न केवल भारत और रूस को, बल्कि मध्य एशिया के बाजारों को भी जोड़ता है।

एससीओ को चीन के नेतृत्व वाला संगठन माना जाता रहा है; और इसे मध्य एशिया में अमेरिका की ताक़त को कमजोर करने के कदम के रूप में देखा जाता है। रूस, चीन और ईरान, एससीओ में तीन सदस्य देश हैं, जिनके अमेरिका के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं हैं। लेकिन हम इसे पश्चिम-विरोधी या यूएसए-विरोधी गठन नहीं कह सकते। भारत एससीओ के एकमात्र सदस्य है जिसके अमेरिका, रूस और ईरान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, हालांकि भारत-चीन संबंध सौहार्दपूर्ण नहीं हैं। एससीओ बहु-ध्रुवीय दुनिया की वास्तविकता को रेखांकित करता है।

(लेखक जियो-आर्थिक विशेषज्ञ व पीजीडीएवी कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बाढ़

पंकज चतुर्वेदी



# मौसम के रौद्र रूप जलवायु परिवर्तन के खतरे के संकेत

दिल्ली में यमुना जब अपने सौ साल पुराने ठिकाने को तलाशती या गई तो हो-हल्ला मच गया कि बारिश रिकार्ड तोड़ हुई है सो ऐसे हालात बने। बीते एक दशक के दौरान मुंबई, हैदराबाद, चेन्ने , बेंगलुरु सहित कई राजधानियाँ और विकास के मानक कहे जाने वाले शहर ऐसे ही डूबते रहे और हर बार यही जुमला दोहराया गया कि कुछ ही घंटों में बेशुमार बरसात का रिकार्ड टूटा , इस लिए हालात बिगड़े । असलियत तो यह है कि भारत जलवायु परिवर्तन के खतरे और उसके संभावित खतरे और उससे बचाव के बारे में गंभीर है ही नहीं । बरसात को कोसने और सारे साल प्यासे रहने का रोग अब महानगरों में ही नहीं जिला स्तर के नगरों में भी आम है। चूंकि बरसात के दिन कम हो रहे हैं, साल में बामुश्किल 45 सो बाकी के 325 सुकून से आवागमन की उम्मीद में लोग उसे भूल जाते है। बदलते मौसम का मिजाज अब हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है ।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के एक शोध में सामने आया है कि नदियों के किनारे बसे लगभग सभी शहर अब थोड़ी सी बरसात में ही दम तोड़ देते हैं। दिक्क्त अकेले बाढ़ की ही नहीं है, इन शहरों की दुरमट मिट्टी में पानी सोखने की क्षमता अच्छी नहीं होती है। चूंकि शहरो में अब गलियों में भी सीमेंट पोत कर आरसीसी सड़कें बनाने का चलन बढ़ गया है और औसतन बीस फीसदी जगह ही कच्ची बची है, सो पानी सोखने की प्रक्रिया नदी-तट के करीब की जमीन में तेजी से होती है। जाहिर है कि ऐसी बस्तियों की उम्र ज्यादा नहीं है और लगातार कमजोर हो रही जमीन पर खड़े कंक्रीट के जंगल किसी छोटे से भूकंप से भी ढह सकते हैं। याद करें दिल्ली में यमुना किनारे वाली कई कालोनियां के बेसमेंट में अप्रत्याशित पानी आने और ऐसी कुछ इमारतों के गिर जाने की घटनाएं भी हुई हैं। दिल्ली में तो यमुना के कछार पर कब्जे कर कोई 35 लाख आबादी बस गई है ।

तीन साल पहले भारत सरकार के केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तैयार पहली जलवायु परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट में साफ बताया दिया गया था कि भारतीय शहरों में पर्यावरण के प्रति लापरवाही से बचा नहीं गया तो वहाँ के हालत नियंत्रण के बाहर होंगे .रिपोर्ट किसी लाल बस्ते में बंधी रही और राजधानी दिल्ली में चेतावनी साकार हो गई । अभी तो बरसात ने यह दिन दिखाए हैं, वह दिन दूर नहीं जब महानगरों में गर्मी का तापमान असहनीय स्तर पर होगा । रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण बरसात का स्वरुप बदल रहा है । इसके चलते बाढ़ और सुखाड दोनों की मार और तगड़ी होगी , साथ ही सतही और भूजल के रिचार्ज का गणित गडबड़ायेगा और यह देश की जल सुरक्षा के लिए खतरा है।

यह दुखद है कि हमारे नीति निर्धाकर अभी भी अनुभवों से सीख नहीं रहे हैं और आंध्रप्रदेश जैसे राज्य की नई बन रही राजधानी अमरावती , कृष्णा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बनाई जा रही है । कहा जा रहा है कि यह पूरी तरह नदी के तट पर बसी होगी लेकिन यह नहीं बताया जा रहा कि इसके लिए नदी के मार्ग को संकरा कर जमीन उगाही जा रही है और उसका अति बरसात में डूबना और यहां तक कि धंसने की पूरी-पूरी संभावना है। शहरीकरण व वहां बाढ़ की दिक्कतों पर विचार करते समय एक वैश्विक त्रासदी को ध्यान में रखना जरूरी है - जलवायु परिवर्तन। इस बात के लिए हमें तैयार रहना होगा कि वातावरण में बढ़ रहे कार्बन और ग्रीन हाउस गैस प्रभावों के कारण ऋतुओं का चक्र गड़बड़ा रहा है और इसकी की दुखद परिणति है - मौसमों का चरम। गरमी में भयंकर गर्मी तो ठंड के दिनों में कभी बेतहाशा जाड़ा तो कभी गरमी का अहसास। बरसात में कभी सुखाड़ तो कभी अचनाक आठ से दस सेमी पानी बरस जाना। संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रिपोर्ट तो ग्लोबल वार्मिंग के चलते भारत की चार करोड़ पर खतरा बता रही हे। इसमें कहा गया है कि यदि धरती का तापमान ऐसे ही बढ़ा तो समुद्र का जल स्तर बढ़ेगा और उसके चलते कई शहरों पर डूब का खतरा होगा। यह खतरा महज समुद्र तटों के शह रों पर ही नहीं होगा, बल्कि उन शहरों को भी डुबा सकता है जो ऐसी नदियों के किनारे हैं जिनका पानी सीधे समुद्र में गिरता है। जलवायु परिवर्तन के मंडराते खतरों के प्रति सचेत करते हुए इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च इन एग्रोफारेस्ट्री के निदेशक डॉ. कुलूस टोपर ने भी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि आने वाले दिन जलवायु परिवर्तन के भीषणतम उदाहरण होंगे जो कृषि उत्पादकता पर चोट, जल दबाव, बाढ़, चक्रवात व सूखे जैसी गंभीर दशाओं को जन्म देंगें। जाहीर है इसका सबसे बाद दुष्परिणाम पलायन होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित

प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाने की सोचें अभिभावक

आजकल हर मां-बाप का सपना होता है कि उनके बच्चे बड़े होकर बड़े अफसर बनें। इसके लिए वे अपने बच्चों को महंगे प्राइवेट स्कूलों में दाखिल करवाते हैं, चाहे उनकी आय इसके काबिल हो या न हो। मेरा मानना है कि अगर अभिभावक इतनी टेंशन बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाने के लिए लें तो उच्च शिक्षा के लिए काफी पैसा बच जाएगा। इसलिए सोच बदलने की जरूरत है। सरकारी स्कूलों में भी अब पढ़ाई का स्तर पहले से बेहतर होता जा रहा है। *- मुकेश साहू, धमतरी*

## ट्रेंड

### भ्रांतियों को दूर करें



देशभर में 100 से केन्द्रों से भारत की लगभग 10 प्रतिशत रक्त सम्बन्धी जरूरतें पूरी हो रही है। लोगों के मन में रक्तदान को लेकर आशंकाएं हैं। रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करें और सभी लोगों विशेषकर युवाओं को अपने साथ जोड़ें।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### शानदार मुलाकात



नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सउद से शानदार मुलाकात हुई। हम दोनों ने मिलकर निर्धारित सहयोग के एजेंडे को लागू करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। संपर्क में बने रहने के लिए तत्पर हूं।

-एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री

### वो दहाड़ने लगा



थाईलैंड में 25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में श्रीशंकर मुरली की 8.37 मीटर की छलांग ने उन्हें पेरिस ओलंपिक के लिए योग्य बना दिया। यह उनका अंतिम प्रयास था और वह बाघ की तरह दहाड़ने लगा।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

### 40 साल हो गए



आज 40 साल हो गए, मुझे पहली बार जेम्स बॉन्ड की फिल्म ऑक्टोपस्सी (1983) में खलनायक के रूप में देखा गया था। बॉन्ड फिल्म में कास्ट होने वाले पहले भारतीय अभिनेता के रूप में भारत के उदयपुर के खूबसूरत और ऐतिहासिक लेक पैलेस होटल में शूट रोमांच था।

-कबीर बेदी, अभिनेता




## करंट अफेयर

### इंडोनेशिया में सरोगेसी का सहारा लेना आसान नहीं

इंडोनेशिया में 'सरोगेसी' पर प्रतिबंध है, लेकिन सभी मामलों में ऐसा नहीं है। इसे वैध बनाने के बारे में बातचीत कैसे शुरू हुई? इंडोनेशिया में सरोगेट मातृत्व प्रतिबंधित है, लेकिन फिर भी यह मौजूद है। इंडोनेशिया के कई क्षेत्रों में सरोगेसी के मामले सामने आए हैं, लोग पारिवारिक संबंधों के माध्यम से गुप्त रूप से सरोगेसी (किराए की कोख) का सहारा लेते हैं। उदाहरण के लिए, फेसबुक पर इंडोनेशिया की युवा महिलाओं के लिए सरोगेट मां बनने को लेकर पंजीकरण कराना मुश्किल नहीं है। इंडोनेशिया के सरोगेसी प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले पक्षों के लिए कोई सख्त और स्पष्ट प्रतिबंध नहीं हैं। इसके कारण यह प्रथा गुप्त रूप से या परिवार के अंदर चलने लगी। लेकिन जरूरी नहीं कि प्रतिबंध हमेशा के लिए रहेगा। अगले पांच से 10 वर्षों में इंडोनेशिया में सरोगेसी एक कानूनी मुद्दा बन जाएगी। 1970 के बाद से इंडोनेशिया में प्रजनन दर में गिरावट आ रही है। प्रजनन प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है, लेकिन वर्तमान प्रतिबंध के बावजूद पारिवारिक संबंधों के माध्यम से सरोगेसी अधिक किफायती है।



## ऑफ बीट

### कृत्रिम मिठास एस्पार्टेम कैंसर का कारण बनता है?

एस्पार्टेम एक कृत्रिम स्वीटनर है जो चीनी से 200 गुना अधिक मीठा होता है, लेकिन बिना किसी किलोजूल के। इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के उत्पादों में किया जाता है, जिनमें कार्बोनेटेड पेय जैसे कोक ज़ीरो, डाइट कोक, पेप्सी मैक्स और कुछ घरेलू ब्रांड शामिल हैं। आप एडिटिव नंबर 951 की तलाश करके पेय और खाद्य पदार्थों में एस्पार्टेम की पहचान कर सकते हैं। दही और कन्फेक्शनरी जैसे खाद्य उत्पादों में भी एस्पार्टेम हो सकता है, लेकिन यह गर्म तापमान पर स्थिर नहीं होता है और इसलिए बेक किए गए सामान में इसका उपयोग नहीं किया जाता है। एस्पार्टेम के व्यावसायिक नामों में इक्वल, न्यूट्रास्वीट, कैंडेरेल और शुगर ट्विन शामिल हैं।मानव अध्ययनों में एस्पार्टेम और कैंसर (विशेष रूप से यकृत कैंसर) को जोड़ने वाले कुछ सीमित सबूत थे और जानवरों के अध्ययन से भी सीमित सबूत मिले। उन्होंने जैविक तंत्र अध्ययनों पर भी विचार किया जिससे पता चला कि एस्पार्टेम के सेवन से कैंसर कैसे विकसित हो सकता है।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर बंदर बाबा का जन्मदिन मनाया



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल** । सोमवार को इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर बंदर बाबा का जन्मदिन मनाया। इसके लिए इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामू चौधरी द्वारा विशेष केक बनवाया गया जिस पर बंदर बाबा अंकित हैं। एवं वन विहार जाकर बंदरों के बीच बंदरों के साथ बैठकर बंदर बाबा का जन्मदिन केक काटकर मनाया। एवं बंदर बाबा को गुड़ चना और रोटियां खिलाई गई। आज जन्मदिन सेलिब्रेट करते समय रामू चौधरी, विदित बंसल, त्रिलोक चंद, कुल कुल प्रिंस, किशोर वर्मा आदि उपस्थित थे। आज 17 जुलाई 2023 को सावन का दूसरा सोमवार है इसके अलावा आज हरियाली अमावस्या भी है दरअसल श्रावण महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरियाली अमावस्या मनाने का विधान है इस बार सावन के दूसरे सोमवार पर शुभ संयोग बना है। आज हरियाली अमावस्या, सोमवती अमावस्या और कर्क संक्रांति भी है। पिछले वर्ष भी हरियाली अमावस्या के दिन ही बंदर बाबा का केक काटकर जन्मदिन मनाया था। रामकुमार चौधरी इच्छापूर्ति फाउंडेशन बाड़ी जय श्री राम।

## लव-कुश कल्याण बोर्ड की मांग में धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा की एंट्री



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल**। धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने अपने निवास पर कुशवाहा समाज की मीटिंग दिनांक 17 जुलाई 2023 को बुलाई वहा लोगों ने कुशवाहा समाज की लव कुश कल्याण बोर्ड सहित अन्य मांगों पर पत्र लिखकर एवं मुख्यमंत्री से वार्ता करने की बात कही तो धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा हां करते हुए आज दिनांक 17 जुलाई 2023 को कुशवाहा समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जयपुर मुख्यमंत्री ओए सडी देवाराम सैनी से मिली ,जहां धौलपुर विधायक श्रीमती शोभा रानी कुशवाहा और आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश संरक्षक लक्ष्मण सिंह कुशवाहा की अगुवाई में लव-कुश कल्याण बोर्ड की मांग से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया इस अवसर पर राजस्थान धौलपुर भरतपुर सहित प्रदेश के लगभग 35 लोगों का प्रतिनिधिमंडल उपस्थित रहा ओए सडी देवाराम सैनी ने कहा है कि समाज की जायज मांग है , इस मांग पत्र को मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा जाएगा इस संदर्भ में आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा ने बताया कि समाज के उत्थान से जुड़ी मांगों के संघर्ष की लड़ाई में राजस्थान प्रदेश के सभी कुशवाहा समाज बंधुओं को आगे आकर काम करना चाहिए ! विधानसभा चुनाव नजदीक है विधायक समाज से दूरियां नहीं बना सकती दूसरी ओर 2 अगस्त 2023 को प्रदेश में रेल रोको और रोड रोको आंदोलन की घोषणा आरक्षण संघर्ष समिति के सहसंयोजक वासुदेव कुशवाहा द्वारा हो चुकी है और सरकार की जांच एजेंसियां भी सरकार को पल-पल की अपडेट दे रही है ! ऐसी स्थिति में कुशवाहा समाज के लिए अलग लव-कुश कल्याण बोर्ड बनाकर सरकार द्वारा संतुष्ट करना मुश्किल है ! लेकिन आरक्षण और अन्य मांगे कुशवाहा समाज की प्रमुख है इसलिए समाज के प्रत्येक बंधु को बढ़-चढ़कर के 12% आरक्षण और लवकुश कल्याण बोर्ड सहित अन्य मांगों के संदर्भ में भाग लेना चाहिए

## शिव महापुराण का भव्य शोभायात्रा से आगाज





सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सोमवार अमावस्या के पावन पर्व पर पारीक चौक में दिव्य श्री शिव महापुराण का आगाज भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। शोभा यात्रा बीकानेर के विभिन्न मार्गो से होते हुए डूडी जी की कोटड़ी पारीक चौक पहुंची। कथा का शुभारंभ करते हुए व्यास पीठासीन ब्रह्मचारी शिवेंद्र स्वरूप जी महाराज ने श्री शिव महापुराण की महिमा को बताते हुए देवराज ब्राह्मण का एवं चंचुला उपाख्यान का वर्णन किया। क्रूराती क्रूर पाप कर्म करने वाला भी शिव महापुराण की कथा सुनने से मुक्त हो जाता है। इस उपाख्यान का वर्णन करते हुए बताया पति वही है जो पत्नी का पालन करें, पोषण करें और पत्नी वह है जो पति को कुमार्ग में गिरने से बचा ले। यह दिव्य शिव महापुराण 15 दिन तक चलेगा दिनांक 17 जुलाई से 1 अगस्त 2023 तक चलेगा। आज की कथा में संपूर्ण पंडाल श्रोताओं से भर गया व मातृशक्तियां एवं पुरुष वर्ग बड़े आनंद व हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इससे पहले सुबह यजमान डॉ. शिव प्रसाद जोशी परिवार द्वारा व्यास पूजन किया गया। कथा में वयोवृद्ध समाजसेवी मोहनलाल जोशी का अभिनंदन किया गया। पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष में होने वाला यह कार्यक्रम परमार्थ साधक सेवा समिति पारीक चौक बीकानेर के तत्वधान में हो रहा है। कथा में रूपशंकर पुरोहित, दामोदर जोशी, भंवर लाल व्यास दयाशंकर तिवारी, तुलसीदास व्यास, डॉ. एस.पी. जोशी, सुनील जोशी आदि ने अपनी सेवाएं दी। 15 दिन के इस कार्यक्रम के यजमान लोग एवं सैकड़ों भक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### उद्योगपति प्रमोद विजय के सौजन्य से कार्यक्रम आयोजित

# शिव महापुराण : भगवान के भक्ति रस में डूब रहा अलवर प्रदेश

### अन्तरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा हो रहा कथा का वाचन







सितारा न्यूज नेटवर्क

**अलवर/युवराज शर्मा।** अलवर शहर में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 12 जुलाई से 18 जुलाई तक अलवर शहर के विजय नगर ग्राउंड जेल के चौराहे के पास हो रहा है। शिव महापुराण कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा आयोजन अलवर के उद्योगपति प्रमोद विजय के सौजन्य से की जा रही है। 7 दिन के शिव महापुराण कथा के आयोजन से अलवर शहर में काफी रौनक व चहल-पहल दिख रही है। लाखों की संख्या में भक्तगण बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कथा को लेकर लोग इतने उत्साहित है कि अलवर शहर के आस-पास से भारी संख्या में भक्तगण सुबह 7:00 बजे से आना शुरू हो जाते हैं जबकि कार्यक्रम का 1:00 से 5:00 बजे तक का है। हर कोई पंडित मिश्रा को सुनना चाहते हैं उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं, भक्तजनों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए कार्यक्रम संयोजक उनका हर तरीके से ध्यान रख रहे हैं।

भोजन की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, सुलभ शौचालय की व्यवस्था बहुत अच्छे तरीके से की गई। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद विजय शिव महापुराण कथा को सफल बनाने के लिए दिन रात एक कर रहे हैं। इनके निवास पर पंडित प्रदीप मिश्रा रुके हुए हैं। यहां पर भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ लग जाती है एक झलक पाने के लिए अलवर पुलिस प्रशासन ने शिव महापुराण कथा स्तन से लेकर कार्यक्रम संयोजक प्रमोद विजय के निवास तक पुलिस छावनी बना रखी है। किसी प्रकार की कोई घटना ना हो शिव महापुराण कथा का समापन है पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया पहुंचने का कार्यक्रम है। सड़क मार्ग के द्वारा व कथा स्थल पर पहुंचेंगे और शिव महापुराण कथा लाभ लेंगे।

## उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन बीकानेर मंडल ने किया बेबी-शो का आयोजन





सितारा न्यूज नेटवर्क

उत्तर पश्चिम रेलवे मण्डल अस्पताल लालगढ़ व रेलवे महिला कल्याण संगठन बीकानेर के तत्वावधान में शुक्रवार दिनांक 15.07.23 को एक बेबी शो का आयोजन किया गया। शो के दौरान रेल चिकित्सकों ने रेल कर्मचारियों के 0 से 14 वर्ष की आयु तक के 137 बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की।

विभिन्न आयु वर्ग के लिये आयोजित स्वस्थ बालक प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के लिये पुरस्कार वितरण समारोह अधिकारी मनोरंजन गृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती स्निग्धा श्रीवास्तव, अध्यक्षा/ महिला कल्याण संगठन बीकानेर ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होने कहा कि बालक के विकास में तीन बातें ध्यान रखने योग्य हैं - शिशु के जन्म से 6 माह तक केवल माता का दूध दिया जाना, पौष्टिक भोजन तथा समय पर टीकाकरण। रेलवे अस्पताल लालगढ की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमिन्दर कौर ने कहा कि शिशु को स्तनपान एवं समय पर टीकाकरण कराने की जिम्मेदारी माँ की है जिसे अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से सभी का ध्यान बच्चों के स्वास्थ्य की ओर जाता है। संगठन की ओर से बेबी-शो में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे को उपहार वितरित किये गये। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे श्रीमती रीनू गुरावा, श्रीमती सुषमा यादव, श्रीमती मनीषा,डॉ. आशु मलिक डॉ. शालिनी व डॉ. गौरव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी और उनके परिवारजन सम्मिलित हुए।

## अलग-अलग धर्मों के लोगों ने मिलकर किया सदबुद्धि यज्ञ

*नीरज के पवन के स्थानांतरण को निरस्त करने के लिए*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर के इतिहास में पहेली बार ऐसा हुआ है की एक ही स्थान पर अलग अलग धर्म के लोगो द्वारा सरकार को सदबुद्धि आये इस लिए अपने अपने धर्म और आस्था से प्रार्थना की। कलेक्टर आफिस के सामने संभागीय आयुक्त नीरज के पवन के स्तनान्तरण के विरोध में चौथे दिन धरना स्थल पर रामदयाल राजपुरोहित, कर्णपाल सिंह दैया, एडवोकेट महेश सेन खाजूवाला,धनपत मारू,जगदीश कुमावत के सानिध्य में सर्व समाज की तरफ से राजस्थान सरकार के लिये सदबुद्धि हवन, गुरुग्रंथ साहिब पाठ,और कुरान की तिलावते पढ़ी गई , धरना स्थल पर सुबह 8,30 पर कृषिका वालिया व तरणप्रित वालिया ने शुखमणि साहिब का पाठ किया तत्पश्चात बद्री महाराज ने सद्बुद्धि हवन करवाया हवन के पश्चात सेख नजकत अली के सानिध्य में नन्ही दस वर्षीय बालिका सेख खदीजा रहमान ने कुरान की तिलावत पढ़ी, जिसमे बीकानेर संभाग के राजवीर मारू, बद्री सिंह राजपुरोहित,श्रवण सिंह सांखला,याकूब अली,दिनेश गहलोत ,रामदास सिंधी,विजेंदर सिंह लूणकरणसर , रिष्पाल विश्नोई फुलदेसर, शुभाष फुलदेसर, नवल गिरी ,रामेश्वर कस्वां डूंगरगढ़,,, ,,बद्री सिंह , सही राम डेलू डेलवा, हेतराम स्वामी नोरंगदेसर ,,श्री भगवान , हरिराम सुथार ,,प्रहलाद सिंह राजपुरोहित पूर्णिमा नायक,लालगढ़ मीना नायक ,हरिशंकर नायक लालगढ़ से सोहन लाल रोजड़ी, पूनमचंद गेदर रोजड़ी,नरसिंह राम राईका रोजड़ी,नवाब रोजड़ी पीरणनखं , श्रीगंगानगर से अपना विरोध दर्ज करवाने आये आज के आयोजन में सभी समाज के लोगो ने बहुतायत में शामिल होकर अपना विरोध दर्ज कराया और नीरज के पवन का तबादला निरस्त करने की मांग सरकार से की।

## ग्रीन प्रोजेक्ट के सघन वन अभियान-2023 का हुआ आगाज



दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ग्रीन प्रोजेक्ट ब्यावर ने इस वर्ष मानसून में नीलकंठ महादेव बाबा की पहाड़ियों पर सघन वन अभियान-2023 की शुरूआत आज हरयाली अमावस्या और विप्र सेना स्थापना दिवस के अवसर पर ब्यावर के पदाधिकारियों के साथ 101 पौधे लगाकर की,विप्र सेना ब्यावर से जिला संरक्षक राजेन्द्र शर्मा,संजय पाराशर,उम्मेद शर्मा,मनोज व्यास,बिपिन जोशी,सीपी अग्निहोत्री,जसराज शर्मा आदि ने विप्र सेना के सदस्यों के साथ सघन वन अभियान में पौधरोपण कर सहभागिता निभाई, ग्रीन प्रोजेक्ट संस्था इस वर्ष ब्यावर की सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर 1100 पौधे नीलकंठ की पहाड़ियों में रोपेगी जिसकी देख रेख की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत किशनपुरा और किशनपुरा सरपंच धर्मेंद्र सिंह भाटी ने ली है,पौधरोपण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेन्द्र शर्मा और जवाजा पंचायत समिति प्रधान गणपत सिंह रहे विशिष्ट अतिथि किशनपुरा सरपंच धर्मेंद्र सिंह भाटी,गोविंदपुरा सरपंच गणपत सिंगज गोविल,बड़ाखेड़ा सरपंच पृथ्वीपाल,बजारी सरपंच राम सिंह,पंचायत समिति सदस्य सुनीता विजय प्रताप के साथ ग्राम पंचायत के आम नागरिकों ने भी पौधरोपण में सहयोग किया। इस अवसर पर बरगद,पीपल,नीम,जामुन, अर्जुन,सीताफल,अमरूद,सहजन,शीशम,केसिया,जंगल जलेबी आदि के पौधे लगाए गए,ग्रीन प्रोजेक्ट ब्यावर से डीके जैन,अशोक मेवाड़ा,जसराज शर्मा, बिपिन जोशी, संजय पाराशर,जेपी अजमेरा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

### एबीवीपी ने दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

## जोधपुर गैंगरेप के आरोपियों को मिले कठोरतम दंड



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई धौलपुर के द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर महोदय को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर जिला संयोजक धीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि खठश्व पुराना परिसर में गैंगरेप के आरोपियों को कठोरतम सजा दिलाने एवं डीसीपी अमृता दुहन के बिना तथ्य के आरोपियों को एबीवीपी से जोड़ने के वक्तव्य का खंडन करने। प्रांत संयोजक अभिनव सिंह ने बताया कि 15 जुलाई 2023 की रात में खठश्व जोधपुर में नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना अत्यंत शर्मनाक है। राजस्थान में दिन-प्रतिदिन बलात्कार और हत्या की घटनाओं में हो रही वृद्धि अत्यंत चिंताजनक है। राजस्थान सरकार अपराध पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है। इस मौके ओर नगर मंत्री योगेश मीणा और नगर सहमंत्री अरुण चौधरी ने बताया है, की विद्यार्थी परिषद दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई करते हुए उन्हें कठोरतम दंड देने की मांग करती है। और जोधपुर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय परिसर की? सुरक्षा के लिए उठाई गई मांगों को लगातार अनदेखा किए जाने से हमें ऐसी शर्मनाक घटना का सामना करना पड़ रहा है जिसकी अभाविप कड़ी भर्त्सना करती है। चुनावी वर्ष में गहलोत सरकार द्वारा मीडिया के माध्यम से इस मामले में अभाविप के बारे में दुष्प्रचार करने का दुस्साहस किया गया है। जबकि इस घटना के दोषियों का अभाविप के साथ कोई भी संबंध नहीं है। अभाविप, बिना जांच पड़ताल किए अभाविप का नाम इस मामले में जोड़कर अभाविप की छवि बिगाड़ने का प्रयास करने पर डीसीपी के विरुद्ध केस दर्ज करेगी। इस मौके पर निजी विश्वविद्यालय प्रांत संयोजक अभिनव सिंह, जिला संगठन मंत्री रोहित चतुर्वेदी, धीरेंद्र कुशवाह, योगेश मीणा, अरुण चौधरी, आकाश बघेल, सुमित काधिल, अरविंद गुर्जर, प्रदीप कुशवाह, रमाकांत, सौरभ, नमन, नीरज, अनिल, धर्मेश, पंकज, राजेश, सचिन इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## श्री कृष्ण बोर्ड का गठन पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

### विधानसभा क्षेत्र चौमू के कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सुरेश कुमार यादव ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**मोना कुमावत।** जोबनेर। राजस्थान सरकार द्वारा गठित श्री कृष्ण बोर्ड का गठन होने पर कांग्रेस नेता सुरेश कुमार यादव ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया



बोर्ड में एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष व तीन सदस्य मनोनीत होंगे। इस बोर्ड समाज के उत्थान व कुरीतियों को दूर करने के लिए काम करेगा यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही सामाजिक सरोकार में सभी समाजों को साथ अलेकर चलने का काम करते हैं और जिस प्रकार से राजस्थान का कांग्रेस सरकार में चहुमुखी विकास हुआ है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सोमवती अमावस्या को गौशाला मे किया पौधारोपण

*गुलाब सुथार ने 25 बिघा भुमि गौशाला के लिए कि दान*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**भोपालगढ।** भोपालगढ उपखंड क्षेत्र के झालामलिया गांव सोमवती अमावस्या को पौधारोपण किया गया भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति जोधपुर जिलाध्यक्ष महेश धायल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस साल भी हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें बालाजी आर्ट फैक्ट्री के संचालक रविंद्र सुथार सरपंच प्रति निधि पप्पू राम सिराण भगाराम जाणी गुमान राम डुडी गौ भक्त गायक कलाकार राकेश झालामलिया मुल्तान राम सिराण पिटु डुडी देराम राम जाणी घेवर राम डऊकिया गुलाब सुथार के द्वारा गौशाला 25 बिघा भुमि दान करने पर गौशाला कमेटी द्वारा गुलाब को व शिव लाल गोदारा बंदड़ा द्वारा 21हजार रुपये गौ दान करने पर व जिलाध्यक्ष महेश धायल को वन्य जीवों कि सेवा करने पर साफा पहनाकर सम्मानित किया गया जिसमें समस्त ग्राम वासियो का सहयोग रहा।

## शिवभक्तों का अपमान नहीं सहेगा बगरू डॉ: कैलाश वर्मा

### डॉ. वर्मा ने बगरू में कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बगरू।** भगवान भोलेनाथ के पवित्र माह श्रावण में कांवड़ यात्राओं का दौर जारी है। सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा के बगरू पहुंचने पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ कैलाश वर्मा ने शिवभक्तों का पुष्प वर्षा करके स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ वर्मा ने कहा कि रविवार को बगरू पुलिस ने कावड़ यात्रा के साथ चल रहे डीजे को जब्त करके शिवभक्तों का जो अपमान किया है उसके लिए बगरू की जनता कांग्रेस सरकार को माफ करने वाली नहीं है ?। गहलोत सरकार अपनी तुष्टिकरण की नीति के कारण बार बार बगरू की जनता का अपमान करती रही है इसे बगरू अब सहन करने वाला नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर पर हरियाली अमावस पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सांवर मल शर्मा/आसींद।** मुख्यालय पर स्थित अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाईभोज मंदिर परिसर में हरियाली अमावस पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही इसके साथ ही मंदिर कमेटी द्वारा राबड़ी का प्रसाद वितरण किया गया साथ ही बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए रहने और खाने की निशुल्क व्यवस्था रखी गई सवाई भोज महंत श्री 1008 सुरेश दास ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाली अमावस पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही इसके साथ ही पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर भी सवाइभोज मन्दिर पहुंचे महंत श्री 1008 सुरेश दास से आशीर्वाद लिया एवं देवनारायण भगवान के दर्शन

### रानोली थानाधिकारी का विदाई समारोह हुआ आयोजित

## पुलिस स्टाफ व ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर किया सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रानोली।** रानोली थानाधिकारी कैलाश यादव का पदस्थापन दौसा जिले में होने पर पुलिस थाना स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों द्वारा विदाई भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में रानोली थाना स्टाफ ने माला व साफा पहनाकर एसएचओ कैलाश यादव का सम्मान किया वही ग्रामीणों ने भी एसएचओ को माला व साफा पहनाकर सम्मान करते हुए उनके कार्यकाल के दौरान दी गई सेवाओं की सराहना की। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वृत्ताधिकारी ग्रामीण नरेन्द्र सिंह एवं कोतवाली थानाधिकारी पवन चौबे रहें। इस अवसर पर भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजित कर भामाशाहों का सम्मान किया गया। समारोह में भामाशाह मालीराम अग्रवाल, भरतराज ग्रुप ऑफ एज्युकेशन पलसाना चैयरमेन सुभाष सिंह बिजारनियां , बिजेन्द्र झिझवाडिया , राजकुमार कुमावत, सहित समस्त थाना स्टाफ एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

### चौमूं सीएचसी में अव्यवस्थाओं का खेल जारी

# चौमूं सीएचसी की एक्स-रे मशीन लम्बे समय से खराब

## मरीजों को महंगे दामों में बाहर से करवाने पड़ रहे एक्स-रे

### सीएचसी में मरीजों की लग रही लंबी कतारें, सुविधाओं के नाम पर मरीजों के हो रहे हाल बेहाल








**मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना को लग रहा बड़ा झटका**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** बारीश के मौसम में होने वाली मौसमी बिमारियों के चलते शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी ) चौमूं में दिन प्रतिदिन मरीजों की संख्या में बढती जा रही है ।वहीं आए दिन शहर मे दुर्घटनाएं भी होती रहती है ।जिसके चलते भी मरीज यहां दिखाने आते हैं ऐसे में सीएचसी में जहां मरीजों के लिए मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत जहां जांच की सभी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए ।वहीं सीएचसी में एक्स-रे की मशीन लम्बे समय से खराब पड़ी है जिसके चलते एक्स-रे करवाने वाली मरीजों को महंगे दामो पर सीएचसी से बाहर एक्स-रे करवाने को मजबूर होना पड़ता है । लंबे समय से एक्सरे मशीन का खराब होना जहां हॉस्पिटल प्रशासन की लापरवाही को दशार्ता है वहीं मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना पर भी सवालिया निशान खड़े करता है जहां एक तरफ मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई निःशुल्क जांच योजना के तहत सभी तरह की सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध करवाने की ताल ठोकी जाती है वहीं चौमूं सीएचसी के मरीजों को एक्स रे मशीन के खराब होने के चलते महंगे दामों पर बाहर से एक्स-रे करवाने पड रहे हैं । इसी के चलते कई मर्तबा सीएचसी में आने वाले मरीजों के परिजनों में एक्स रे मशीन खराब होने के चलते आक्रोश की भावना भर जाती है मरीजों का कहना है कि जब सीएचसी में अत्यावश्यक एक्स रे मशीन ही खराब है तो निःशुल्क जांच योजना का क्या लाभ जब हमे एक्स रे के लिए सीएससी के बाहर ढाई सौ से 300 रुपये खर्च करने पड़ते है ।मरीजों का कहना है कि जब भी एक्स रे के लिए यहां आते हैं तो एक ही जवाब मिलता है एक्स रे मशीन खराब है ।सीएचसी में नई मशीन के लिए अधिकारी को सूचित किया गया है ।सीनियर रेडियोग्राफर चौमूं सीएचसी प्रभु दयाल मीणा जब इस बारे जानकारी की गई तो उन्होने बताया कि चौमूं सीएचसी में वर्ष 2015 में 300 एम ऐ एक्स-रे मशीन स्थापित की गई थी । यह मशीन बार-बार खराब होती रहती है वर्तमान में यह मशीन पिछले काफी समय से खराब चल रही है ।जिसे सुधारने को लेकर बार-बार कैपिटल कंपनी द्वारा बार-बार विजिट की जाती रही है, और मशीन को सुधारने की कोशिश की जाती है लेकिन मशीन की स्थिति और भी खराब हो गई है और वह ठीक नहीं हो रही है । संस्था में स्थापित मोबाइल एक्स रे मशीन से वैकल्पिक कार्य किए जा रहे थे, जिससे मरीजों के रेडिएशन एक्सा रे लंबर-स्पाइन -स्कल -केयूवी इत्यादि एक्सरे नहीं हो पाते , तथा अत्यधिक कार्यभार के कारण की मशीन भी आए दिन खराब होती रहती है ।जिसके कारण मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना का कार्य प्रभावित हो रही है साथ ही मरीजों को असुविधा व परेशानी का सामना करना पड़ता पड़ रहा है। लम्बे समय से अव्यवस्थाओं से जूझती चौमूं सीएचसी को उप जिला अस्पताल बनाया जाना कहीं प्रदेश सरकार की वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा तो नहीं ।

जब यहां हॉस्पिटल के के प्रशासन द्वारा सीएचसी की व्यवस्था नहीं संभाली जाती तो उप जिला अस्पताल की घोषणा के बाद अब उप जिला अस्पताल में किस कदर व्यवस्थाओं व अव्यवस्थाओं का का आलम होगा।इसकी बानगी चौमूं सीएचसी मे वर्षों से आमजन व जनप्रतिनिधियों को नजर आ रही है । यह तो समझ आता है कि आमजन बेबस है मगर जनप्रतिनिधि व प्रशासन भी खुली आंखों से सीएचसी की अव्यवस्थाओं को देखते हुए भी खामोश है कही इसके मायने कुछ और या अलग तो नहीं।




### वार्ड 49 की कार्यकारिणी की गई घोषणा

## कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : कायथवाल





सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। सिरसी रोड स्थित सिद्धिविनायक पैराडाइज बिंदायका मैं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर के वार्ड 49 के कॉग्रेस की मीटिंग का आयोजन किया गया इस मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल ने कि कायथवाल ने वार्ड कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर नियुक्ति पत्र प्रदान कर कार्यकारिणी की शपथ दिलाई और कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों को आम जन तक पहुंचाकर विकास कार्यों से अवगत कराएं पार्टी को मजबूती प्रदान करें क्योंकि कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल अध्यक्ष राधेश्याम अटल उपाध्यक्ष नीतू सिंह ब्लॉक महामंत्री संगठन रणजीत सोनी मनोनीत पार्षद राधेश्याम हनीनवाल जगदीश सामोता श्रवण चौधरी राजकिशोर मीणा मदन गुर्जर गोपाल चौधरी गोविंद कड़वासरा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल और टेलर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

### पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपूर्द किया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सांवर मल शर्मा/आसींद ।** पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दौलतगढ़ निवासी यशवीर सिंह की रिपोर्ट के आधार पर चंद्रवीर सिंह उम्र 57 वर्ष रविवार देर शाम को दौलातगढ़ सो मोटरसाइकिल लेकर मोड का निंबाड़ा जा रहे थे कि रास्ते में पालड़ी से आगे रजवाड़ी होटल के सामने एक टेलर गलत दिशा में आते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे चंद्रवीर सिंह घायल हो गए घायल को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वही आसींद पुलिस द्वारा सोमवार प्रातः पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया एवं जांच कार्रवाई आरंभ की।



### हरियाली अमावस्या पर लगाये 51 पौधे

## पेड़-पौधों के बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव: महामण्डलेश्वर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नागौर।** विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय से बीकानेर बाईपास तक जो नई सड़क बनी हैं उस सकड़ के दोनों तरफ सोमवार को हरियाली अमावस्या के पर्व पर महामण्डलेश्वर कुशालगिरी महाराज के सानिध्य में पौधारोपण किया गया।

गो चिकित्सालय के मुख्य व्यवस्थापक श्रवणराम बिश्नोई ने बताया कि खाटू श्यामजी निवासी रितू कंवर व उनकी पुत्रवधु जयश्री चौहान ने हरियाली अमावस्या पर गो चिकित्सालय में 51 पौधे भेंट किये।

महामण्डलेश्वर के नेतृत्व में सैंकड़ो भक्तों की उपस्थिति में सकड़ के दोनों तरफ रितू कंवर, जयश्री चौहन व साथ ही गंगानगर से आये बिन्दू धांगड़ ने कैनवास,बेलपत्र, पीपल, नीम के पेड़,शहतुत, इत्यादि अलग-अलग प्रकार के 51 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महामण्डलेश्वर ने देशवासियों को प्रेरणा देते हुए बताया कि पर्यावरण में तेजी से आ रहे परिवर्तन के कारण सभी जीव-जंतु इससे प्रभावित हो रहे है और बड़े शहरों में प्रदूषण का स्तर इन दिनों बहुत अधिक बढ़ रहा है। इससे लड़ने का एकमात्र तरीका अधिक से अधिक पेड़ लगाना है।

पर्यावरण सरंक्षण के साथ अगर आप अच्छा जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए। ऑक्सीजन देने और कार्बन डाइऑक्साइड को लेने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को भी अवषोशित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विशैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे।

## डॉ. रमेश यादव के मोटिवेशन का गहरा प्रभाव पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है

### 9 साल पहले प्रतिज्ञा की कुछ बनकर ही आऊंगा एसआई बनकर ही लौटा राजधानी



**पचकोड़िया ।** जब कोई एक साधारण विद्यार्थी की तरह एक छोटे से गांव से मासूमियत के साथ आए जिसके जीवन को लेकर कोई बड़े सपने न हो लेकिन उसे मोटिवेशन ऐसा मिल जायें कि जीवन के मायने ही बदल जाए, वह बड़े सपने पालना शुरू कर दे और साथ ही सपनों को हकीकत में बदलने के लिए किसी भी हद तक चला जाए व तब तक ना रुके जब तक उसे मंजिल ना मिल जाए। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है थापन, सिवाना, बाड़मेर के आनंद सिंह राठौड़ ने। सरकारी स्कूल से 9 साल पहले 12वीं पास करके एक आम विद्यार्थी की तरह ही राजधानी फाउंडा पचकोडिया में अध्ययन करने के लिए आता है और अध्ययन के दौरान ही डॉ. रमेश यादव के मोटिवेशन से इतना प्रभावित होता है कि वह उसी समय यह प्रतिज्ञा कर लेता है कि अब में सर के सामने दोबारा तभी आऊंगा जब जीवन में बहुत अच्छा कर जाऊंगा और एक दिन उस तपस्या का परिणाम आता है। कॉलेज शिक्षा के दौरान कॉलेज का प्रेसिडेंट बनता है एग्रीकल्चर सुपरवाइजर में चयन हो जाता है, उसके बाद राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित हो जाता है और अब आरएएस की मेंस परीक्षा को पास कर लेता है जिसका अभी इंटरव्यू होना है। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर व राष्ट्रीय मोटिवेटर डॉ रमेश यादव ने बताया कि अनेक ऐसे विद्यार्थी हैं जो यहाँ पढें व उन्होंने सपने पाले और सक्सेस होने के बाद ही संस्थान में आए। यह मेरे व संस्थान के लिए बड़े गौरव की बात है। कस्बे में नीट, जेईई, सीयूइटी, जेट की तैयारी कराने वाले संस्थान राजधानी एजुकेशनल ग्रुप पचकोडिया द्वारा संचालित राजधानी साइंस धारा, राजधानी फाउण्डा व राजधानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल परिसर में इस बड़ी सफलता के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर आनंद सिंह का साफा बंधा कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर नव चयनित सब इंस्पेक्टर आनंद सिंह राठौड़ ने बताया कि मेरे माता-पिता के अलावा मेरे जीवन के पहले मोटिवेशन डॉ. रमेश यादव सर है जिन से मैं अत्यधिक प्रभावित था और इसी मोटिवेशन के बल पर मुझे यह सफलता हासिल हुई है। राजधानी एजुकेशन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम सिंह यादव व प्रिंसिपल हेमेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रवण डिडल व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ताराचंद काजला, ताराचंद बुरडक, शिवप्रसाद गिठाला, राधेश्याम खोला रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# कार्लोस अल्कारेज नंबर एक पर कायम, शीर्ष 10 में पहुंची वोंद्रोसोवा

## मार्केटा 32 स्थान की छलांग लगाकर दसवें नंबर पर काबिज

एजेंसी ▶▶| विंबलडन

कार्लोस अल्कारेज ने विंबलडन फाइनल में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर अपनी नंबर एक रैंकिंग भी बरकरार रखी है जबकि महिला वर्ग की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा लंबी छलांग लगाकर शीर्ष 10 में पहुंच गई हैं।

ऑल इंग्लैंड क्लब में शनिवार को हुए फाइनल में ओन्स जाबेउर के खिलाफ 6-4, 6-4 की जीत की बदौलत वोंद्रोसोवा 32 स्थान की छलांग लगाकर दसवें नंबर पर काबिज हो गई हैं। वह विंबलडन का खिताब जीतने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनी थी। अल्कारेज ने रविवार को खेले गए पुरुष एकल के फाइनल में जोकोविच को 1-6, 7-6 (6), 6-4, 3-6, 6-4 हराया जिससे उन्होंने अपनी शीर्ष रैंकिंग भी बरकरार रखी।





### महिला रैंकिंग में शीर्ष सात में कोई बदलाव नहीं

पिछले 15 महीने से नंबर एक की कुर्सी पर काबिज इगा स्वियाटेक विंबलडन में अपनी शीर्ष रैंकिंग आर्यना सबालेंका को गंवा सकती थी लेकिन वह शीर्ष पर बनी हुई हैं। स्वियाटेक विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जबकि सबालेंका सेमीफाइनल में हार गई थी। महिला रैंकिंग में शीर्ष सात खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है। ऐलेना रयबाकिना तीसरे नंबर पर बनी हुई हैं। उनके बाद जेसिका पेगुला, कैरोलिन गार्सिया, जाबेउर और कोको गॉफ का नंबर आता है।



### सू-वेई और स्ट्राइकोवा को युगल खिताब

*ताइवान की सीह सू-वेई और चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने रविवार को यहां बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स और ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर को हराकर दूसरी बार विंबलडन का महिला युगल खिताब जीता। सू-वेई और स्ट्राइकोवा की जोड़ी ने फाइनल में बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को सीधे सेट में 7-5, 6-4 से हराया। सू-वेई ने बैकहैंड से दूसरा मैच प्वाइंट जीता जिससे 2019 की विंबलडन चैंपियनशिप जोड़ी ने विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर खिताब अपने नाम किया। स्ट्राइकोवा ने अपने बेटे के जन्म के बाद संन्यास से वापसी की है और उन्हें लगता है कि यह उनका आखिरी विंबलडन टूर्नामेंट है।*

# जोकोविच को फाइनल में हार के बाद मौके गंवाने का मलाल

*बड़े मुकाबले में हार के बाद किसी को भी मलाल हो सकता है। रविवार रात विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ शिकस्त के बाद नोवाक जोकोविच को दो मलाल हैं। सर्बिया के 36 साल के जोकोविच दूसरे टेस्ट के टाईब्रेकर में 20 साल के अल्कारेज के खिलाफ शुरुआती दो सेट जीतने से सिर्फ एक अंक दूरे थे लेकिन उन्होंने यह मौका गंवाकर स्पेन के खिलाड़ी को सेट जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर करने का मौका दे दिया। जोकोविच इसके बाद पांचवें सेट में ब्रेक प्वाइंट पर वॉली लगाने से चूक गए जबकि उस समय सात बार का यह विंबलडन चैंपियन अच्छी लय में था। जोकोविच ने 6-1, 6-7, 1-6, 6-3, 4-6 की हार के बाद कहा, 'कुछ मलाल हैं। मेरे पास मौके थे। मुझे लगता है कि मैं दूसरे सेट के टाईब्रेक का बेहतर अंत कर सकता था। लेकिन संघर्ष करने और शानदार रक्षात्मक कौशल दिखाने के लिए अल्कारेज को श्रेय जाता है। पांचवें सेट में खराब शॉट खेलकर उसे मौका भी दिया। वह आज जीतने का हकदार था। इसमें कोई संदेह नहीं है।'*



## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री मोदी ने दी भारतीय दल को बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने पर भारतीय दल की प्रशंसा की और कहा कि इस उपलब्धि से उनका सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, '25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में भारतीय दल का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन! हमारे एथलीटों ने 27 पदक जीते, जो विदेशी धरती पर किसी भी चैंपियनशिप की पदक तालिका में सर्वोच्च है। इस उपलब्धि के लिए हमारे एथलीटों को बधाई। इससे हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।'

### एआईएफएफ और आईएमटी में करार

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने फुटबॉल के क्षेत्र में शोध, अध्ययन और 'डाटाबेस' तैयार करने के लक्ष्य के साथ गाजियाबाद के 'इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी' के साथ सहमति पत्र पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार आईएमटी गाजियाबाद देश का पहला उच्च शिक्षा संस्थान है जहां खेलों में अनुसंधान, अध्ययन और 'डाटाबेस' तैयार करने के लिए पहला ''खेल अनुसंधान केंद्र'' स्थापित किया गया। इस खेल अनुसंधान केंद्र की कमान युवा लेखक एवं खेल शोधकर्ता डॉ. कनिष्क पांडे को सौंपी गई।

### जमशेदपुर एफसी ने एलेन को टीम से जोड़ा

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग की फुटबॉल टीम जमशेदपुर एफसी ने 2023-24 सत्र से पहले सोमवार को सर्बिया के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एलेन स्टीवानोविच के साथ दो साल के करार की घोषणा की। इस 32 साल के खिलाड़ी का अब तक का सफर शानदार रहा है। उन्होंने इटली में इंटर मिलान की युवा टीम के साथ शुरुआत की और दिग्गज कोच जोस मोरिन्हो की देखरेख में इसकी सीनियर टीम में शामिल हुए। स्टीवानोविच इंटर मिलान की उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2009-10 में मोरिन्हो के नेतृत्व में खिताब की हैट्रिक लगाई थी।

### एंडरसन इंग्लैंड की टेस्ट टीम में शामिल

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला में बुधवार से खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को टीम में वापस बुलाया है। चालीस साल के एंडरसन को लीड्स में खेले गये तीसरे टेस्ट मैच से विश्राम दिया गया था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को बताया कि वह टीम में ओली रोबिनसन की जगह लेंगे। इंग्लैंड ने शुरुआती दो टेस्ट गंवाने के बाद हेडिंग्ले क्रिकेट मैदान पर खेले गए तीसरे टेस्ट को जीतकर श्रृंखला में वापसी की।



## क्रिकेट : पाक टीम ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर बनाए 221 रन

# डिसिल्वा का टेस्ट में 10वां शतक पाकिस्तान ने की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| गॉल

धनंजय डिसिल्वा के शतक और प्रबाथ जयसूर्या के झटकों से एक समय बैकफुट पर पहुंचा पाकिस्तान सौद शकील और आगा सलमान के बीच अटूट शतकीय साझेदारी से श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन सोमवार को यहां वापसी करने में सफल रहा। डिसिल्वा के 122 रन की मदद से श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 312 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। शकील (नाबाद 69) और सलमान (नाबाद 61) ने 120 रन की अटूट शतकीय साझेदारी निभाई जिससे पाकिस्तान दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 221 रन पर पहुंच गया।

बाएं हाथ के स्पिनर जयसूर्या ने अभी तक 83 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उन्होंने सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (19), कप्तान बाबर आजम (13) और अनुभवी विकेट कीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद (19) को पवेलियन भेजा। कासुन रजिता ने पारी के दूसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (एक) को आउट कर दिया था जबकि रमेश मेंडिस ने शान मसूद की 39 रन की तेजतर्रार पारी का अंत किया।



### श्रीलंका 300 रन पार

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों नसीम शाह और शाहीन अफरीदी ने मिलकर छह विकेट चटकाए लेकिन श्रीलंका डिसिल्वा के 10वें टेस्ट शतक से 300 रन के पार पहुंचने में सफल रहा। घुटने की चोट के कारण एक साल बाद वापसी कर रहे अफरीदी ने 86 जबकि नसीम ने 90 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। श्रीलंका ने रविवार को पहले सत्र में 54 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन उप कप्तान डिसिल्वा ने टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा दिया।



### गॉल में भी तीसरा शतक

दूसरे दिन 94 रन से आगे खेलने उतरे डिसिल्वा ने अफरीदी की गेंद पर एक रन के साथ पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा शतक पूरा किया। यह उनका गॉल में भी तीसरा शतक है। पाकिस्तान ने विकेटों की तलाश में दूसरी नई गेंद ली तो नसीम ने प्रबाथ जयसूर्या को विकेटकीपर सरफराज अहमद के हाथों कैच करा दिया। डिसिल्वा भी 122 रन बनाने के बाद शान मसूद को कैच दे बैठे। उन्होंने 214 गेंद का सामना करते हुए 12 चौके और तीन छक्के मारे। कासुन रजिता (08) और विश्व फर्नांडो (नाबाद 21) ने अंतिम विकेट के लिए 29 रन जोड़े। रजिता लंच से पहले के अंतिम ओवर में आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज बने।

# कोनकाकाफ गोल्ड कप चैंपियन बना मैक्सिको



एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

सेंटियागो गिमनेज के 88वें मिनट में दागे गोल की बदौलत मैक्सिको ने रविवार को यहां पनामा को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार कोनकाकाफ गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

ओबेल्न पिनेडा ने शानदार पास देकर सर्कल के अंदर गेंद गिमनेज के पास पहुंचाई जिन्होंने फर्राटा लगाते हुए हेरोल्ड कमिंग्स और फिडेल एस्कोबार को पीछे छोड़ा और गोलीकपर ओरलैंडो मोस्क्वेरा को छकाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा और कुल चौथा गोल दागा। अर्जेन्टीना में जन्में गिमनेज इससे तीन मिनट पहले ही स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान में उतरे थे। टूर्नामेंट में मैक्सिको के खिलाफ सिर्फ दो गोल हुए। टीम ने जितनी बार यह टूर्नामेंट जीता है उतनी बार बाकी देशों ने मिलकर भी इस टूर्नामेंट को नहीं जीता है। अब तक अमेरिका सात बार और कनाडा एक बार गोल्ड कप खिताब जीत चुका है।

## भारतीय कुश्ती महासंघ का चुनाव फिर टला

**गुवाहाटी।** भारतीय कुश्ती महासंघ के विलंबित चुनाव को सोमवार को फिर से आगे बढ़ा दिया गया क्योंकि गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम कुश्ती संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की। डब्लूएफआई के चुनाव 11 जुलाई को होने थे लेकिन चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार मांगने वाली असम कुश्ती संघ की याचिका के बाद गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी थी। राज्य संघ ने दावा किया था कि वह मतदान के अधिकार के साथ डब्लूएफआई का सदस्य बनने का हकदार है, लेकिन 15 नवंबर 2014 को कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद राष्ट्रीय महासंघ ने उसे मान्यता देने से इनकार कर दिया था।

# अभिनव-गौतमी को जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*अभिनव साव और गौतमी भनोट की भारतीय जोड़ी ने कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मैच में ओशिएन मुलर और रोमेन औफ्रेरे की फ्रांसीसी जोड़ी को 17-13 से हराया।*

*भारत का प्रतियोगिता में यह तीसरा स्वर्ण पदक है जिससे वह पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने एक रजत और दो कांस्य पदक भी जीते हैं। चीन पदक तालिका में शीर्ष पर है। उसने भी भारत के बराबर ही स्वर्ण पदक जीते हैं लेकिन उसके नाम पर दो रजत पदक दर्ज हैं। भारत ने दूसरे दिन 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।*



### एमर्जिंग पुरुष एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

*कोलंबो। भारत ए ने सोमवार को यहां एसीसी पुरुष एमर्जिंग कप के अपने दूसरे मैच में नेपाल को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (87) और साई सुदर्शन (नाबाद 58) ने पहले विकेट के लिए 19 ओवर में 139 रन की साझेदारी की। नेपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उसकी पूरी टीम 39.2 ओवर में 167 रन पर आउट हो गई। भारत ने महज 22.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का लिया। टीम ने ग्रुप चरण के अपने पहले मुकाबले में यूएई को आठ विकेट से हराया था। अब उसका सामना ग्रुप के आखिरी मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से बुधवार को होगा। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने 69 गेंद की पारी में 12 चौके और दो छक्के जड़े जबकि सुदर्शन ने 52 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।*



# भारतीय महिला हॉकी टीम चीन से 2-3 से हारी

एजेंसी ▶▶| गॉल

**लिम्बर्ग।** भारतीय महिला हॉकी टीम के जर्मनी दौरे की शुरुआत निराशाजनक रही जब टीम को चीन के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। रविवार रात हुए मुकाबले में भारत के लिए नवनीत कौर ने 24वें और 45वें मिनट में गोल दागे जबकि चीन के लिए चेन जियाली (नौवें मिनट), झोंग जियाकी (45वें मिनट) और शू येनान (51वें मिनट) ने गोल किए।

दोनों टीम ने पहले क्वार्टर में सतर्क शुरुआत की। भारत को तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन चीन की रक्षा पंक्ति ने इसे नाकाम कर दिया। इसके कुछ मिनट बाद भारत ने फाउल करके विरोधी टीम को पेनल्टी स्ट्रोक का मौका दिया। चीन ने इसका फायदा उठाकर जियाली के गोल की बदौलत नौवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। नवनीत ने 24वें मिनट में मैदानी गोल दागकर भारत को बराबरी दिलाई। नवनीत ने 45वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया।चीन ने हालांकि तुरंत बाद झोंग के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से बराबरी हासिल कर ली। येनान ने 51वें मिनट में एक और गोल दागकर चीन को 3-2 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।



## मौजूदा सत्र में छह महीने बाद भी कोई खिताब जीत नहीं सकी सिंधू

# सिंधू और श्रीकांत कोरिया ओपन में लगाएंगे जोर

एजेंसी ▶▶| येओसु

भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत मंगलवार को जब यहां कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपना अभियान शुरू करेंगे तो वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने के साथ सत्र का पहला खिताब जीतना चाहेंगे।

मौजूदा सत्र में छह महीने से ज्यादा निकल गए लेकिन इस दौरान सिंधू कोई खिताब नहीं जीत पाई। वह टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण पांच महीने तक खेल से दूर रही। वापसी के बाद उनके खेल में पहले जैसा पैनापन नहीं दिखा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में पहुंची थी, जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वह इसके बाद कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन इसके बाद अमेरिका ओपन में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी। अमेरिका ओपन में वह चीन की गाओ फांग जी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। बैडमिंटन का ओलंपिक क्वालीफिकेशन समय अगले साल अप्रैल में खत्म होगा। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता श्रीकांत के प्रदर्शन में भी इस सत्र में निरंतरतता की कमी दिखी है।

वह स्पेन मास्टर्स, मलेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में ही पहुंचे सके। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत इंडोनेशिया के अपने कोच विएम्पी महार्डी की देखरेख में अभ्यास कर रहे हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत जापान के दिग्गज केंटो मोमोटा के खिलाफ करेंगे।



### लक्ष्य और प्रणय देंगे चुनौती

*सिंधू और श्रीकांत जहां सत्र में खिताबी सूखा खत्म करना चाहेंगे तो वहीं लक्ष्य सेन और एच एस प्रणय की नजरें सत्र के दूसरे खिताब पर होगी। लक्ष्य ने कनाडा जबकि प्रणय ने मलेशिया में खिताब जीता है और दोनों अपनी लय को जारी रखना चाहेंगे। अमेरिकी ओपन में सेमीफाइनल में पहुंचे सेन डेनमार्क के पूर्व विश्व नंबर दो एंडर्स एंटोनसेन से भिड़ेंगे। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय साथी भारतीय समीर वर्मा से भिड़ेंगे। टूर्नामेंट में सभी की निगाहें इंडोनेशिया ओपन चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर भी होंगी जब वे पुरुष युगल में थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे।*




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

पुलिस थाना चौमूं जयपुर पश्चिम व डीएसटी सीकर की संयुक्त बड़ी कार्यवाही

# एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाली गैंग के 10 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई कॉल गर्ल्स के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर ग्राहकों को जाल में फंसाकर कर रुपयों की करते थे ऑनलाइन ठगी**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)** । पुलिस थाना चौमूं जयपुर पश्चिम व डीएसटी सीकर पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए सोमवार को चौमूं बायपास स्थित होटल सीकर पैलेस पर कार्रवाई कर एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी व मुंबई कॉल गर्ल्स के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर ग्राहकों को जाल में फंसाकर रुपयों की ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाने वाली गैंग के 10 लोगों को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार किए गए गौरव सैनी ,रविंद्र सैनी, मैताश, बलवीर , फिरकु चंद सैनी, राकेश सैनी , सुनील सैनी ,मनीष सैनी , जगमोहन सैनी व अनिल कुमार सैनी सीकर रोड चौमूं स्थित होटल सीकर में दूसरी मंजिल पर बने कमरा नंबर 201 व 202 में बैठकर ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहे थे। जिन्हें मौके पर ही डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया गया । साथ ही आरोपियों के कब्जे से कुल 27 मोबाइल फोन व 7 चार्जर समेत अन्य ठगी संबंधी उपकरण भी बरामद किए ।



## घटनाक्रम का विवरण

चौमूं थानाधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र सिंह उप निरीक्षक प्रभारी डीटीएस सीकर के द्वारा कल दिनांक 16 जुलाई 2023 को मुझे सूचना दी गई थी कि डीएसटी सीकर के कानि सुभाष चंद को मुखबिर से सूचना मिली है कि करीब आठ 10 व्यक्तियों के एक ग्रुप में कॉल गर्ल्स मुंबई के नाम से एक वेबसाइट बनाकर उस पर कई मोबाइल नंबर डाल रखे हैं, जब कोई व्यक्ति उक्त साइट को ओपन कर आरोपियों द्वारा साइट पर अपलोड किए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करना है तो उक्त व्यक्ति उसे लड़कियों के कामोत्तेजक फोटो व्हाट्सएप पर भेज कर लड़की सलेक्ट करने के लिए कहते हैं जिसके द्वारा लड़के सलेक्ट करने पर उसे टोकन मनी के नाम पर 500/ रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा कर रुपए ऐंठ लेते हैं । उक्त ग्रुप के 8 से 10 व्यक्ति होटल सीकर पैलेस, सीकर रोड चौमूं में दूसरी मंजिल पर बने कमरा नंबर 201 व 202 में बैठकर ऑनलाइन ठगी कर फ्रोड कर रहे हैं ।

गठित टीम व टीम द्वारा किए गए प्रयास

चौमूं थाना अधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए सीनियर्स के निर्देशन में टीम गठित की जाकर तुरंत होटल सीकर पैलेस सीकर रोड चौमूं के बाहर पहुंचे जहां पर श्री वीरेंद्र सिंह उप निरीक्षक प्रभारी डीएसटी सीकर मय जाप्ता मौजूद मिले ।होटल में पहुंचकर चेक किया तो कुल 10 लोग बेडों पर बैठे हुए थे जो अपने हाथों में सेलफोन सेट लेकर हरकत कर रहे थे तथा कुछ सेलफोन बेड पर पड़े हुए थे ।उक्त सभी मुल्जिमानों को डिटेन कर मोबाइल फोन पर उनके द्वारा किए जा रहे कृत्य के संबंध में पूछताछ की गई मुलजिमान द्वारा एक राय होकर आपराधिक षड्यंत्र रच कर प्रत्येक व्यक्ति एक गिरोह के रूप में कार्य करते हुए इंटरनेट के माध्यम से सेक्स के लिए लड़की उपलब्ध करवाने के नाम पर विभिन्न लोगों को महिलाओं व लड़कियों के अश्लील फोटो भेज कर लोगों के साथ छलकर अनुचित लाभ प्राप्त कर पैसे की ठगी करना अपराध की धारा 420, 120बी आई.पी.सी. 67, 67ए आईटी एक्ट का होना पाए जाने पर उक्त सभी सदस्यों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया ।आरोपी शख्सों के पास मिले संदिग्ध मोबाइल फोन कुल 27 एवं 7 चार्जर, क्रेडिट कार्डो इत्यादि को जप्त किया गया । वापसी पर उक्त मुल्जिमानो के खिलाफ थाना चौमूं पर अभियोग संख्या 485 / 2023 दर्ज कर विश्वकर्मा पुलिस थाना जयपुर पश्चिम श्री रमेश सैनी द्वारा किया जा रहा है मुल्जिमानों से अब तक की गई ऑनलाइन ठगी की वारदातों के संबंध में गहनता से अनुसंधान जारी है ।

## तरीका ए वारदात

चौमूं थाना अधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि अब तक की तफ्तीश से यह सामने आया कि उक्त ऑनलाइन ठगी गैंग का सरगना सोहन चौधरी उर्फ सोनू निवासी चलां नीम का थाना सदर जिला सीकर है, जिसने गूगल पर ऑनलाइन कॉल गर्ल्स के संबंध में कॉल गर्ल मुंबई व जयपुर एस्कॉर्ट सर्विस आदि नामों से विभिन्न साइड अपलोड कर रखी है ।जिनमें विभिन्न व्हाट्सएप मोबाइल नंबर अपलोड कर रखे हैं, जब कोई व्यक्ति उक्त साइड को ओपन कर सोहन चौधरी उर्फ सोनू द्वारा साइट पर अपलोड किए गए मोबाइल नंबरों जिनके हैंडसेट मुल्जिमान के पास होते हैं पर संपर्क करता है तो मुल्जिमान उन्हें लड़कियों की कामोत्तेजक फोटो भेजकर लड़के सेलेक्ट करने के लिए कहते हैं उक्त शख्स द्वारा लड़की सलेक्ट करने पर टोकन मनी के नाम पर मुल्जिमान अगले वाले व्यक्ति से 500 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लेते हैं तथा बाद मेंउक्त लोगों को बातों में उलझा कर गलत काम करवाने के नाम पर 4 से 5 हजार रुपये और ट्रांसफर करवा लेते हैं । उसके बाद उक्त शख्स को किसी होटल का मनगढ़ंत नाम भेज देते हैं तथा भेजी गई टोकन दिखाने पर होटल मे एन्ट्री होना बताते थे व ठगी की वारदात को अंजाम देते थे।

## गिरफ्तार शुदा मुल्जिमान का विवरण

एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने के उक्त मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें गौरव सैनी पुत्र बंशीधर सैनी जाति माली उम्र 21 साल निवासी नारायण सैनी की ढाणी ज्योतिबा नगर गांव चला पुलिस थाना नीम का थाना सदर जिला सीकर , रविंद्र सैनी पुत्र जगदीश प्रसाद सैनी जाति माली उम्र 19 साल निवासी पणिहार बांस खंडेला पुलिस थाना खंडेला जिला सीकर , मैताश पुत्र महेश कुमार जाट जाति जाट उम्र 27 साल निवासी वार्ड नंबर 1 भारनी पोस्ट जालपाली पुलिस थाना श्रीमाधोपुर जिला सीकर, बलवीर सैनी पुत्र ओम प्रकाश सैनी जाति माली उम्र 23 साल निवासी ढाणी अंटा वाला कुंआ वार्ड नंबर 15 उदयपुरवाटी पुलिस थाना उदयपुरवाटी जिला झुंझुनू, फिरकु चंद सैनी पुत्र मनोहर लाल सैनी जाति माली उम्र 21 साल निवासी ढाणी ढाबा वाली गांव चला पुलिस थाना नीमकाथाना जिला सीकर, राकेश सैनी पुत्र कैलाश चंद जाति माली उम्र 25 साल निवासी ढाणी नया कुंआ चला पुलिस थाना नीमकाथाना सदर जिला सीकर, सुनील सैनी पुत्र भागीरथ माली उम्र 20 साल निवासी ढाणी नया कुंआ पुलिस थाना नीमकाथाना जिला सीकर, मनीष सैनी पुत्र गोरधन लाल सैनी उम्र 24 साल निवासी ढाणी चौकड़ी पुलिस थाना खंडेला जिला सीकर, जगमोहन सैनी पुत्र सुभाष चंद सैनी जाति माली उम्र 23 साल निवासी ढाणी बाग वाली ज्योतिबा नगर चला पुलिस थाना नीम का थाना सदर जिला सीकर,अनिल कुमार सैनी पुत्र राजेंद्र कुमार जाति माली उम्र 23 साल निवासी ढाणी नारायण सैनी जिला पुलिस थाना नीम का थाना सदर जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है।

## पेंशन सत्यापन में जिन वृद्धजनों के फिंगर प्रिन्ट नही आ रहे वे पंचायत समिति मुख्यालय पर अपना सत्यापन करवा सकते है : रैणी बीडीओ

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन में वृद्धजनों के फिंगर प्रिंट नहीं आने पर रैणी बीडीओ ने दी राहत**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर के रैणी पंचायत समिति मुख्यालय पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन मे अपने जीवित प्रमाण देने के लिए जो सत्यापन किया जाता है,लेकिन अनेक वृद्ध जनो के फिंगर प्रिन्ट ही नही आते है तो ऐसे वृद्ध जनो के लिए ऐसी भी व्यवस्था करा रखी है , कि ऐसे पेंशन धारक अपना जनाधार कार्ड और आधार कार्ड लेकर पंचायत समिति रैणी कार्यालय के कमरा नम्बर 03 मे रवि कुमार कम्प्यूटर ओपरेटर के पास जाकर अपना आधार कार्ड और जनाधार कार्ड अपलोड करा सकते है जिससे आपका सत्यापन स्वत: ही हो जाएगा और आपकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन यदि रूक भी गई , तो अपने आप ही आपके खाते मे रूकी हुई सारी पेंशन धीरे धीरे आ जायेगी।

रैणी बीडीओ कालूराम मीना ने मिडिया को बताया कि किसी भी पेंशन धारक का यदि फिंगर प्रिन्ट नही आता है तो उसे निराश होने की जरूरत नही है,और ऐसे पेंशन धारक हमारे कार्यालय मे आकर अपने आधार कार्ड और जनाधार कार्ड को कमरा नम्बर 3 मे कम्प्यूटर ओपरेटर रवि कुमार से अपलोड करा सकते है जिससे उनकी रूकी हुई पेंशन अपने आप ही उनके खाते मे आ जायेगी।

मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी बीडीओ कालूराम मीना के द्वारा जनहित को ध्यान मे रखकर दी गई है।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

बारिश के मौसम में स्किन की तरह ही बालों की भी प्रॉपर केयर जरूरी है। खासतौर पर उनकी साफ-सफाई और उनके पोषण का विशेष ध्यान रखें। ऐसा ना करने पर कई तरह की हेयर प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है।

# मानसून में ऐसे करें बालों की देखभाल

बारिश के मौसम में प्रॉपर केयर ना करने पर बालों से जुड़ी कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं, जैसे बालों का टूटना, झड़ना, ड्राय हेयर, डेंड्रफ होना आदि। दरअसल, बारिश के पानी में भीगने पर ज्यादा देर तक स्कैल्प का गीला रहना बालों की अनेक समस्याओं को जन्म देता है। ऐसे में हेयर केयर करना बेहद जरूरी है।

**भीगने पर जरूर करें शैंपू:** बारिश के पानी का पीएच लेवल हाई होता है, यानी यह एसिडिक होता है। इसीलिए बालों के लिए नुकसानदायक होता है। इसलिए अगर आप बारिश में भीग गई हैं तो बालों को तौलिए से सुखाने की बजाय घर पहुंचते ही तुरंत बालों को माइल्ड शैंपू से धोएं और फिर बालों को हवा में सूखने के बाद ही झाड़ें। ऐसा ना करने से उनमें फंगस और खुजली के साथ अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं, जिससे हेयर फॉलिंग शुरू हो जाती है।

**जरूरी है ऑयल मसाज:** बारिश के मौसम में बालों को पोषण देने के लिए नियमित अंतराल पर बालों की ऑयल मसाज फायदेमंद है। नारियल तेल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी फंगल गुणों की वजह से इससे मसाज करने पर यह स्कैल्प को हेल्दी रखने में ज्यादा मददगार साबित होता है। वीक में कम से कम एक बार ऐसा जरूर करें, ताकि बालों को पोषण मिल सके और रूखापन भी दूर हो। इससे आपके बालों में चमक भी बनी रहेगी।



**करती रहें कंडीशनिंग:** इस मौसम में हर 15 दिनों में एक बार बालों की डीप कंडीशनिंग भी करें। बालों को धोने के पहले उनको हल्के हाथों से ऑयल मसाज दें। हेयर मसाज करने से स्कैल्प का ब्लड सरकुलेशन बढ़ता है और यह हेयर फॉल की समस्या को कम करता है। आप चाहें तो रात में सोने से पहले भी बालों की मसाज कर सकती हैं।

**मोटी कंघी यूज करें :** बरसात में अकसर बाल उलझ जाते हैं। ऐसे में गीले और उलझे बालों को बड़े दांत वाले कंघे से ही सुलझाएं। हल्के हाथों से ही कंघी करें। अपना कंघा किसी और से शेयर ना करें, क्योंकि इससे फंगल इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है।

**बालों को छोटा रखें:** अगर आपके बाल बड़े हैं तो बारिश के मौसम में बालों को छोटा कटवा लें, क्योंकि छोटे बालों को मेंटेन रखना आसान होता है, लंबे बालों में इंफेक्शन का खतरा भी काफी ज्यादा रहता है। मानसून के दौरान नियमित रूप से बाल कटवाना या ट्रिम कराना जरूरी होता है, इससे दोमुंहे बालों की समस्या को रोका जा सकता है। हेयर कट करवाने से बाल स्वस्थ रहते हैं और तेजी से बढ़ते भी हैं।





**ऐसे करें हेयर वॉश:** मानसून के दौरान बालों को रेग्युलर वॉश करना जरूरी है। इसके लिए आप कुछ हर्बल प्रोडक्ट्स यूज कर सकती हैं। जैसे- नीम के पत्ते, आंवला, शिकाकाई आदि।

नीम के पत्तों को पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी आधा ना रह जाए। फिर इसे ठंडा होने दें। इससे बालों को धोने के बाद फिर गुनगुने पानी से बालों को साफ करें। नीम में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं,जो मॉनसून में स्कैल्प को हेल्दी रखते हैं और इंफेक्शन से बचाते हैं।

बालों को धोने के लिए आप घर पर ही नेचुरल क्लींजर भी तैयार कर सकती हैं। इसके लिए एक मुट्ठी सूखा रीठा, शिकाकाई और आंवला पावडर लें। इन्हें एक लीटर पानी में डालकर रात भर भीगने के लिए रख दें। अगले दिन इनको पानी के साथ धीमी आंच पर तब तक उबालें, जब तक पानी आधा ना रह जाए। लेकिन इसे तेज आंच पर ना उबालें। अब इस मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर छलनी की मदद से इसे छान लें। फिर इसका इस्तेमाल अपने बालों को धोने के लिए करें। इससे आपके बालों में नई चमक आएगी।

बाल धोने के लिए आप अंडे का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें सिलिकॉन, सल्फर और फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व बालों को पोषण प्रदान करने में मदद करते हैं। यह आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ स्कैल्प को भी अच्छी तरह से साफ करता है।

**अच्छी डाइट भी है जरूरी:** हेल्दी हेयर के लिए इन उपायों के साथ ही न्यूट्रिशस डाइट लेना भी जरूरी है। इसके लिए इस मौसम में बालों को पोषण देने बाले खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करना चाहिए। डाइट में आपको विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन डी, विटामिन के, विटामिन ई, कैल्शियम, प्रोटीन, ओमेगा 3 रिच फ्रूट्स को शामिल करना चाहिए। इसके अलावा जिंक और आयरन से युक्त खाद्य पदार्थ भी आपके बालों के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। आपको जंक फूड्स से बचना चाहिए। हेल्दी बालों के लिए पनीर और अंडे जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन भी आवश्यक है। *



रेसिपी

शिल्पी गोयल

## इस सीजन में एंज्वॉय क
## टेस्टी-न्यूट्रिशस डिशे

रेनी सीजन में टेस्टी डिशेज खाने का म
करता है। इस बार हम बता रहे हैं कुछ
ही ईजिली बनने वाली डिशेज की रेसिप

### भगर मिलेट डोसा



**सामग्री-** भगर मिलेटः 10 ग्राम, उड़द दाल ग्राम, चना, मूंग दालः 3-3 ग्राम, पोहाः 2 ग्र मेथी दानाः 5 ग्राम, नारियलः 5 ग्राम, चुकं 5 ग्राम, गाजरः 5 ग्राम, प्याजः 10 ग्र तेलः 3 ग्राम

**विधि-** सबसे पहले भगर मिलेट, पोहा, उ दाल, चना और मूंग दाल को रात भर के लि भिगो कर रख दें। इन सब चीजों को थोड़ा पानी मिलाकर मिक्सर में पीस लें। अब हुए बैटर को 3-4 घंटे के लिए ढंक कर रख बैटर में थोड़ा-सा नमक मिला दें। अब तवे गरम कर उस पर बैटर को स्प्रेड कर लें उस पर थोड़ा-सा ऑयल स्प्रेड कर दें। कद्दू किया हुआ नारियल, गाजर, चुकंदर, प ऊपर से स्प्रेड कर दें। टेस्टी डोसा तैयार है।

### आम का हलवा

**सामग्री-** बादामः15 ग्राम, पका आमः 50 ग्र चिया सीड्सः 3 ग्राम



**विधि-** बादाम, चिया सीड्स को रात भर के लिए पानी में भिगोकर रख दें। अब मिक्सर में थोड़ा पानी डालकर पीस लें। एक गिलास में आम के छोटे-छोटे स्ल काट लें और पिसे हुए बादाम, चिया सी डाल कर अच्छी तरह मिक्स कर लें। स्वा हलवा खाएं-खिलाएं। *

### ड्राईफ्रूट्स लड्डू

**सामग्री-** बारीक कटे ड्राईफ्रूट्स (क बादाम, अखरोट, पिस्ता): 12 ग्राम, खजूर ग्राम, घीः 3 ग्र



**विधि-** स पहले पैन गर्म लें। उसमें डालकर बा कटे हुए ड्राईफ्रू डालकर भून अब खजूर मिक्स करके मनचाहे आकार लड्डू बना लें। ये लड्डू स्वादिष्ट ही पौष्टिक भी होंगे। *

(लेखिका आईडीए छत्तीस चैप्टर की प्रेसिडेंट

लघुकथा / मोनिका राज

# भेद-भाव

उषाजी की सबसे छोटी बहू की पहली डिलीवरी थी। घर के सभी लोग बेसब्री से नन्हे मेहमान का इंतजार कर रहे थे। सबसे ज्यादा बेचैन उषाजी ही दिख रही थीं। इधर-उधर चहलकदमी करते हुए भी जब मन शांत न हुआ तो वह अस्पताल के बाहर बने पूजास्थल की तरफ बढ़ गईं। ईश्वर के सामने उनके हाथ स्वतः ही जुड़ गए। उन्होंने बुदबुदाते हुए प्रार्थना की, 'भगवान, इस बार पोते का मुंह ही दिखाना।'



तभी देवरानी भागते हुए आई। उषाजी का हाथ बहू के वार्ड की ओर खींचकर ले जाते हुए बोली, 'जीजी, कहां थीं तुम? सब तुम्हें कब से ढूंढ़ रहे हैं। बहूरानी भी तुम्हारा रास्ता देख रही है। चलो, जल्दी करो।' उषाजी ने देवरानी का हाथ छुड़ाया और बोलीं, 'वो तो ठीक है, लेकिन पहले यह तो बताओ, पोता ही हुआ है न?'

देवरानी के हाथ की पकड़ थोड़ी ढीली पड़ गई, बोली, 'एक बार चल कर बच्चे को देख तो लो। बिल्कुल तुम पर गई है तुम्हारी पोती।'

'फिर से लड़की ही हुई है। अब तो इस जनम में हमें मोक्ष मिल नहीं पाएगा।' लड़की का जन्म सुनकर उषाजी का मन कसैला हो उठा। उन्होंने रिक्शा बुलाया और घर की तरफ चल दीं।

**कब बदलेगी हमारी सोच :** आज के दौर में भी लोग बेटे-बेटियों के बीच फर्क और मोक्ष की चाह से नहीं निकल पा रहे हैं, जबकि बेटियां सभी क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। जाने कब यह भेद-भाव खत्म होगा? *

गार्डेनिंग / अनु आर.

अगर आपने अपने टेरेस पर पौधे लगाए हैं तो इस रेनी सीजन में उनकी प्रॉपर केयर करती रहें। जरा सी लापरवाही से पौधे मुरझा सकते हैं। इसके लिए आप क्या करें, जानिए।

# बारिश के मौसम में इस तरह मेंटेन करें टेरेस गार्डेन

हालांकि हर मौसम में पौधों की देखभाल करना जरूरी होता है, क्योंकि पौधे अपनी परेशानी खुद नहीं बता सकते। इसलिए मौसम के लिहाज से आपको ही उनकी जरूरत का ध्यान रखना होता है।

**पानी की मात्रा का रखें ध्यान :** बारिश के इस मौसम में जब कई दिनों तक रुक-रुककर बारिश होती रहती है, तब गार्डेन में लगे पौधों की अतिरिक्त देखभाल की जरूरत पड़ती है। अगर ज्यादा बारिश के दिनों में आप पौधों की देखभाल करने में यह सोचकर लापरवाही करती हैं कि कौन सा इन दिनों पौधे सूख जाएंगे, तो समझिए आपके टेरेस गार्डेन के पौधे नष्ट हो सकते हैं। इस मौसम में भी पौधे मुरझा सकते हैं, पानी की कमी की वजह से नहीं बल्कि इसके ज्यादा होने की वजह से या लगातार भीगने के कारण।





**निकालती रहें ज्यादा पानी :** बारिश के दिनों में अपने टेरेस गार्डेन में रखे गमलों से अतिरिक्त पानी को निकालना जरूरी होता है, क्योंकि लगातार रिमझिम होती बारिश के कारण गमलों में पानी भर जाता है, जिससे पौधे की जड़ें सड़ जाती हैं। इसलिए अगर छत बड़ी है तो उसपर एक ऐसी छतरी लगवा लें ताकि लगातार बारिश के समय अपने गमलों को उठाकर वहां रख सकें, जिससे उनमें पानी ना भरे और वे लगातार कई दिनों तक पानी में ना डूबे रहें। लेकिन एक तरफ जहां बारिश के दिनों में पौधों को अतिरिक्त पानी से बचाना होता है, वहीं इस बात का भी ध्यान रखना पड़ता है कि नियमित रूप से पौधों को जरूरत भर का पानी मिलता रहे। कई बार ऐसा होता है कि हफ्तों तक बारिश नहीं होती और हम बारिश के मौसम की सोचकर पौधों को पानी ही नहीं देते। ऐसे में उमस वाली गर्मी के कारण वे जल्द ही सूख जाते हैं। इसलिए अगर बारिश के मौसम के बावजूद पानी ना बरस रहा हो तो पौधों को सही समय पर उनकी जरूरत भर का पानी जरूर देती रहें।

**कीड़े-मकौड़ों से बचाएं :** बारिश के कारण कीड़े-मकौड़ों की बहुतायत हो जाती है। ऐसे में पौधों को इनसे भी बचाना जरूरी होता है। इसके लिए आप चाहें तो केमिकल बेस्ड या ऑर्गनिक तरीके से बनाए गए कीटनाशकों का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर कीड़े-मकौड़ों से बचाव के लिए कीटनाशक इस्तेमाल ना करना चाहें तो जैसे ही बारिश बंद हो, आसमान साफ हो तो पौधों की पत्तियों पर लकड़ी या कोयले की राख बुरक दें।

**मिलती रहे पर्याप्त रोशनी :** बारिश के दिनों में भी अपना भोजन बनाने के लिए पौधों को धूप और रोशनी की जरूरत होती है। इसलिए इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। अगर पौधों का सीधा एक्सपोजर सूर्य की रोशनी की तरफ होगा, तो जैसे ही इन्हें धूप मिलेगी, ये अपने लिए पोषण तैयार कर लेंगे। लेकिन इन दिनों की धूप बहुत तेज भी होती है। इसलिए अगर कई दिन तक लगातार बारिश ना हो, धूप तेज हो तो पौधों को धूप से बचाने की भी व्यवस्था करनी चाहिए।

**कमजोर पौधों को दें सपोर्ट :** लगातार बारिश होने से कई बार पौधे अपनी कमजोर शाखा या कोमल लताओं के कारण गिर पड़ते हैं। बारिश के साथ-साथ जब हवा भी चल रही हो और नाजुक पौधों के लिए अपने बल पर खड़े रह पाना मुश्किल हो, तब उन्हें सहारा देने के लिए लकड़ियों का यूज करें। अगर बेल वाले पौधे हैं तो इन्हें सहारा देने के लिए क्रीपरनेट का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इस तरह यहां दिए गए सुझावों पर अमल करके आप रेनी सीजन में भी अपने टेरेस गार्डेन को मेंटेन रख सकती हैं। *

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com